विराजी मॉं दुर्गा...

दैनिक

भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

web- www. bhaskardoot.com

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 264 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये

हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह का दामाद भी मारा गया

*इजरायल ने की सीरिया पर एयरस्ट्राइक, **Hezbollah** की पूरी लीडरशिप को चुन-चुनकर खत्म कर रही इजरायली सेना*

तेल अवीव। इजरायल ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह का दामाद हसन जाफर कासिर भी मार गिराया है। इजरायली सेना की सीरियाई राजधानी दमिश्क में बुधवार को की गई एयरस्ट्राइक में हिज़्बुल्लाह के भूतपूर्व चीफ के दामाद को मार गिराने का दावा किया है। इसमें उसके साथ 2 और लोग मारे गए हैं।

बता दें कि इजराइल ने 27 सितंबर को राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया था। इसमें हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत हो गई थी। नसरल्लाह के अलावा उसकी बेटी जैनब की भी इस हमले में मौत हो गई थी।

इज़्रायल की हमास से जंग अभी भी जारी है और अब उसकी हिज़्बुल्लाह से जंग भी गंभीर हो गई है। ईरान के इज़्रायल पर मिसाइलें दागने के बाद दोनों देशों में पहले से चल रहा तनाव और बढ़ गया है। गाज़ा और आसपास इज़्रायली कार्रवाई जारी है और साथ ही लेबनान के बेरूत में भी इज़्रायली सेना ने अपनी कार्रवाई तेज़ कर दी है। इज़्रायली सेना समय-समय पर सीरिया में भी एयरस्ट्राइक करते हुए अपने दुश्मनों को मार गिराती है और बुधवार को एक बार फिर इज़्रायली सेना ने सीरिया में एयरस्ट्राइक को अंजाम दिया। बता दें कि इजराइल ने 2 महीने के भीतर ही हसन नसरल्लाह समेत हिजबुल्लाह की पूरी लीडरशिप को खत्म कर दिया है। अब हिजबुल्लाह की लीडरशिप में कोई सीनियर नेता नहीं बचा है। इजराइली सेना ने शुक्रवार रात बेरूत में हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर मिसाइल हमला कर हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गिराया। इस हमले में हसन नरसल्लाह की बेटी जैनब समेत 33 लोगों की मौत हुई। IDF ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'अब दुनिया को नसरल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइली हमले से पहले हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को लेबनान से भाग जाने की चेतावनी दी थी। टाइम्स ऑफ इजराइल ने तीन ईरानी सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है।

बृजबिहारी हत्याकांडः पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो को उम्रकैद

पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत 6 आरोपी बरी

नई दिल्ली। बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

पूर्व मंत्री हत्या में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

वहीं इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह , राजन तिवारी समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया है। इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने 2014 में सभी 8 आरोपियों को बरी कर दिया था। पूर्व मंत्री की पत्नी और भाजपा नेता रमा देवी और सीबीआई ने भी पटना हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 21 और 22 अगस्त को सुनवाई पूरी करते हुए आदेश को सुरक्षित रख लिया था। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला सुनाया है। बता दें कि बृज बिहारी प्रसाद बिहार के दिग्गज नेता रहे हैं. साल 1988 में उनकी गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। उस समय वे बिहार सरकार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री थे। बृज बिहारी प्रसाद इंजीनियरिंग एडमिशन घोटाले में आरोपी थे। उन्हें पटना के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस अस्पताल में शाम की सैर के दौरान गोली मार दी गई थी। बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी रमा देवी बीजेपी से सांसद रही हैं। उन्होंने और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी और हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। । निचली अदालत ने साल 2009 में 8 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

समाचार शीर्ष

बलौदाबाजार हिंसा

विधायक देवेंद्र यादव को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने फिर बढ़ाई रिमांड

बलौदाबाजार बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट से फिर कोई राहत नहीं मिली. आज फिर सुनवाई में कोर्ट ने विधायक की दो दिन और न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी. बता दें कि पुलिस ने 17 अक्टूबर तक रिमांड मांगी थी. बचाव अधिवक्ता के विरोध के बाद न्यायालय ने दो दिन की रिमांड बढ़ाई. वहीं सात आरोपियों में से पांच आरोपियों का आज चालान पेश हुआ. अब 5 अक्टूबर को बाकी आरोपियों का चालान पेश किया जाएगा. बता दें कि गुरु बाबा घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था के केंद्र अमर गुफा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में आसामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया था. जैतखाम में तोड़फोड़ की घटना से आक्रोशित समाज के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग की थी. इस मामले में पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है. वहीं राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए थे. इस घटना को लेकर बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन हुआ था. इस मामले में विधायक देवेंद्र यादव समेत सैकड़ों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. विधायक देवेंद्र यादव करीब तीन माह से जेल में हैं. कई बार उनकी रिमांड बढ़ाई गई है.

सद्गुरु ईशा फाउंडेशन को बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगा दी रोक

नई दिल्ली। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव (सद्गुरु) के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट द्वारा दिए गए जांच के आदेश पर रोक लगा दी. फाउंडेशन ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों का विवरण देने का निर्देश दिया था.

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम हाईकोर्ट द्वारा पुलिस को दिए गए निर्देशों पर रोक लगाते हैं. यह आदेश आया जब वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने इस मामले का ष्छ्ढ्ढ डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने उल्लेख किया. रोहतगी ने कहा, यह धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा है. यह बहुत ही गंभीर और तात्कालिक मामला है. ईशा फाउंडेशन से जुड़ा है, जहां सद्गुरु के लाखों अनुयायी हैं. मौखिक आरोपों के आधार पर हाईकोर्ट ऐसी जांच शुरू नहीं कर सकता.

यह मामला सेवानिवृत्त प्रोफेसर एस. कमराज की एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आधारित था, जिसमें कमराज ने आरोप लगाया कि उनकी दो शिक्षित बेटियां, 42 और 39 वर्ष की, कोयंबटूर के ईशा योग केंद्र में रहने के लिए ब्रेनवॉश किया गया था. कमराज ने कोर्ट को बताया कि फाउंडेशन के अधिकारियों ने उनकी बेटियों को उनके परिवार से किसी भी तरह का संपर्क बनाए रखने की अनुमति नहीं दी. मद्रास हाईकोर्ट नेफाउंडेशन के खिलाफ कई आपराधिक शिकायतों को देखते हुए मामले को आगे की चर्चा के योग्य बताया. कोर्ट नेइस बात पर भी गंभीर संदेह व्यक्त किया कि वासुदेव ने अपनी बेटी को विवाह कर उसे एक सुखी जीवन दिया है, लेकिन वे अन्य महिलाओं को सांसारिक जीवन छोड़ने और संन्यास लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं. इस संदेह के कारण फाउंडेशन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया.

भाजपा का पोस्टर वार

बीजेपी ने कांग्रेस राज्यसभा सांसदों का पोस्टर जारी कर लिखा- लापता, कांग्रेस ने किया पलटवार

भास्कर दूत

रायपुर. भाजपा का कांग्रेस पर पोस्टर वार जारी है. भाजपा छत्तीसगढ़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसदों के कार्टून पोस्टर जारी कर निशाना साधा है. कांग्रेस राज्यसभा सांसदों पर लापता पोस्टर से जारी कर बीजेपी ने निशाना साधा है. भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा है कि छत्तीसगढ़ियों का हक मारने वाले कांग्रेसियों के सांसद लापता हैं. जनता के साथ-साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भी इन्हें ढूंढ रहे हैं. किसी को मिले तो राजीव भवन, रायपुर में संपर्क करें.

कांग्रेस ने किया पलटवार:

वहीं भाजपा के इस पोस्टर वार को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि BJP के खिलाफ पूरे प्रदेश में वातावरण बना है और मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नये-नये प्रपंच रचती है. कांग्रेस के तीन सांसद कहां लापता है, ये सवाल उठा रहे हैं. तीनों सांसद छत्तीसगढ़ की आवाज लगातार उठाकर केंद्र की बीजेपी सरकार की नाक में दम किए हुए हैं. लापता पोस्टर जारी करने के बजाए, बीजेपी ये बताए कि नौ महीने में प्रदेश की कानून व्यवस्था कैसे खस्ता हो गई.

नक्सलियों के कोर एरिया बोत्तलंका इरापल्ली में घुसे जवानों को मिली सफलता, मुठभेड़ खत्म, सर्चिंग जारी

भास्कर दूत

सुकमा। वाम उग्रवाद को मार्च 2026 तक देश से खत्म करने के उद्देश्य से किए जा रहे काम के तहत सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों को कोर इलाके बोत्तलंका इरापल्ली में घुस गए. सुबह से हुई भिड़ंत में कई नक्सलियों को गोली लगने की खबर है. जानकारी के अनुसार, बुधवार को सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी ग्राम बोटेलंका, एरनपल्ली व आस-पास क्षेत्र की ओर नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान चिंतावागू नदी के किनारे सुबह पीएलजीएल बटालियन एवं किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई. इस दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों पर बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) हमला किया गया. इस कार्रवाई में जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर, 206 कोबरा वाहिनी, 208 कोबरा वाहिनी, 204 कोबरा वाहिनी और 203 कोबरा वाहिनी के जवान शामिल हैं. मुठभेड़ के बाद स्थल से अस्थाई कैम्प को ध्वस्त कर भारी मात्रा में नक्सलियों के डम्प सामाग्रियों एवं विस्फोटक सामान को बरामद किया गया.

इजराइल-ईरान युद्ध

क्रुड ऑयल की कीमतों में जोरदार उछाल

नई दिल्ली। ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए मिसाइल हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमत में 4 फीसदी का इजाफा हुआ है. इसके चलते तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी समस्या बन सकती है.

इसकी वजह यह है कि भारत अपनी तेल की ज्यादातर जरूरतें आयात के जरिए पूरी करता है. ईरान के हमलों के बाद इजराइल ने बदला लेने की धमकी दी है. उसने कहा है कि ईरान को इन हमलों की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी. ऐसे में कच्चे तेल में और तेजी आ सकती है. विशेषज्ञों के मुताबिक कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी से भारत में महंगाई 0.3 फीसदी बढ़ जाती है. वहीं, चालू खाता घाटा (सीएडी) 12.5 अरब डॉलर बढ़ जाता है. यह जीडीपी के करीब 43 बेसिस प्वाइंट के बराबर है.

भारत में लोगों की क्रय शक्ति पर भी पड़ता है असर

तेल की बढ़ती कीमतों के चलते भारत में लोगों की क्रय शक्ति पर भी असर पड़ता है. इसकी वजह यह है कि लोगों को ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है. साथ ही, वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं. ईरान रोजाना 17 लाख बैरल तेल निर्यात करता है. विशेषज्ञों के मुताबिक, तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से भारत को ज्यादा डॉलर खर्च करने पड़ेंगे. इससे रुपया कमजोर होगा. ईरान रोजाना 17 लाख बैरल तेल निर्यात करता है. यह तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक का सदस्य है.

भारत में पहले से ही अर्थव्यवस्था दबाव में है

भारत में पहले से ही अर्थव्यवस्था दबाव में है. सितंबर में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 8 महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

मुख्यमंत्री की पहल पर 05 और 06 अक्टूबर को राजधानी में होगा भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह

कलेक्टर- एसएसपी संतोष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने किया स्वागत

भास्कर दूत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आयोजित होने वाले भव्य सैन्य समारोह के लिए आज राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरणों का काफिला रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा। शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ास उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे। पूरे रैली में शामिल वाहनों में तिरंगा लहराता रहा।

गौरतलब है कि राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 05 से 06 अक्टूबर को होने वाले भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह की तैयारी जोरों पर है। इसमें शामिल होने के लिए भारतीय सेना की सैन्य हथियार आज राजधानी पहुंचे, जिसमें भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70, जेएडयू-23, स्ट्रेला और लोरोस शामिल हुए। इसका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ज़ोरा के मुख्य गेट पर सुबह कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। भीष्म टैंक और दूसरे सैन्य उपकरणों को वाहनों सहित फूल-मालाओं से सजाया गया था। लोगों ने इस आकर्षण क्षण को अपनें मोबाईलों में फोटो और वीडियों के रूप में रिकार्ड किया। जहां से भी यह काफिला गुजरा, वहां 'भारत माता की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने किया रिहर्सल-

साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने डेयर डेविल स्टंट और खुखरी डांस और मिलेट्री बैंड का पूर्वाभ्यास किया।

भीष्म टी-90 टैंक सहित अन्य आर्टिलरी पहुंचे राजधानी

रैली के रूप में शहर विभिन्न मार्गों से होकर पहुंची साइंस कॉलेज मैदान

स्वच्छता हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा: अरुण साव

भास्कर दूत

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव आज बिलासपुर के बहतराई इन्डोर स्टेडियम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के राज्य स्तरीय समापन समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने कार्यक्रम में बिलासपुर के लिए करीब 65 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। श्री साव ने %स्वच्छता ही सेवा% पखवाड़ा के समापन समारोह में स्वच्छता दीदियों के पांव पखारकर उनका सम्मान किया। उन्होंने प्रदेशभर के नगरीय निकायों के स्वच्छताग्राहियों, स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडोज और स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न संगठनों को भी सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस मौके पर स्वच्छता पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को छत्तीसगढ़ को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का आह्वान करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। विधायक धरम लाल कौशिक, धर्मजीत सिंह और सुशांत शुक्ला भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। महात्मा गांधी जी की जयंती को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। हमारी सरकार बनने के बाद बिलासपुर नगर निगम को विकास कार्यों के लिए 140 करोड़ रुपए दिए गए हैं। हमने मात्र दस महीनों में ही 2820 करोड़ रुपए शहरों और नगरीय निकायों के विकास के लिए दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने संबोधन में बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त प्रयास से %नमस्ते% योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले कर्मचारियों का काम जोखिम भरा होता है। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि वे सावधानी से अपना काम करें। सफाई के दौरान शून्य मृत्यु करने के लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण योजना को सफल बनाने का लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान ने अब जन आंदोलन का रूप ले लिया है। स्वच्छता हमारे स्वभाव में रहा है। यह हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा है। छत्तीसगढ़ में कल लाखों बच्चों ने स्वच्छता की अलख जगाने की शपथ ली है।

फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों का जमानत लेने वाला आरोपी गिरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। न्यायालय परिसर रायपुर में फर्जी ऋृण पुस्तिका तैयार कर आरोपियो का जमानत लिये जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर रायपुर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक, सिविल लाईन अजय कुमार के द्वारा थाना सिविल लाईन पुलिस को आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये है।

जिस पर थाना सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा संदेही/आरोपियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जाकर सूचना एवं जानकारी एकत्र किये जा रहे है। इसी क्रम में थाना सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा पूर्व में आरोपी चेलाराम आसवानी एवं अशोक यादव को फर्जी ऋृण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों का जमानत लेने प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर अन्य आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी दिनेश रामटेके के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दिनेश रामटेके को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा फर्जी ऋृण पुस्तिका तैयार कर विभिन्न न्यायालयों में आरोपियों का जमानत लेना स्वीकार किये जाने पर आरोपी दिनेश रामटेके को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में फर्जी ऋृण पुस्तिका के मामले में संदेही/आरोपी मुकेश वर्मा, विशाल यादव, दीप लक्ष्मी राजपुत, लक्ष्मी शर्मा एवं अरूण यादव के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक/अपराध धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

गिरफ्तार आरोपी- दिनेश रामटेके पिता स्व. मोहन रामटेके उम्र 37 साल पता गौरी नगर, नूरी मस्जिद गली नंबर 02, चिखली, थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव।

रायपुर पुलिस का परिवार परामर्श केंद्र बना टूटते परिवारों को जोड़ने वाला केंद्र

भास्कर दूत

रायपुर। परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक एवं घरेलु मामलो के सम्बन्ध में महिला थाना में प्रतिदिन सैकड़ों आवेदन प्राप्त होते है और पारिवारिक मामले बहुत ही संवेदनशील होते है।

एसएसपी रायपुर डॉ. संतोष सिंह के मार्गदर्शन एवं एएसपी द्वष्टङ्क ममता देवांगन, डीएसपी द्वष्टङ्क ललिता मेहर के निर्देशन में प्रतिदिन ऐसे मामलो की महिला थाना के परिवार परामर्श केंद्र के द्वारा विधिवत कॉउंसलिंग करायी जाती है। वर्तमान में परिवार परामर्श केंद्र में 22 कॉउंसलर अपनी सेवाएं दे रहे है जिनके प्रयासों से सैकड़ो परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। इस वर्ष माह जनवरी से अगस्त तक महिला थाना रायपुर में कुल 1656 शिकायत लिखित में प्राप्त हुए, प्रकरणनुसार जिसमे 718 शिकायतों में दोनों पक्षों को बुलाकर सफल कॉउंसलिंग कराई गई। इसमें ऐच्छिक काउंसलरों की भूमिका बहुत ही सराहनीय हैं, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों से है।

महिला थाना में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में सफल हुए कुछ प्रतीकात्मक प्रकरणों की जानकारी निम्न है

01. आवेदिका सीमा श्रीवास्तव पति राकेश श्रीवास्तव साकिन फारेस्ट कॉलोनी पंडरी रायपुर में निवासरत है। आवेदिका एवं अनावेदक की शादी वर्ष 2004 में सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। पारिवारिक कारणों को लेकर पति पत्नी में आये दिन वाद विवाद, लड़ाई झगडा, मारपीट एवं मुख्य विवाद का कारण अनावेदक पति का मानसिक रूप से अत्यंत संकीर्ण होना एवं शराब के नशे में आवेदिका एवं बच्ची को भी मारपीट करने से तंग आकर आवेदिका द्वारा अपने पति राकेश श्रीवास्तव पिता ब्रिज बिहारी श्रीवास्तव साकिन फारेस्ट कॉलोनी पंडरी रायपुर के विरुद्ध शिकायत आवेदन महिला थाना रायपुर में दी थी। अभियान निजात के तहत शराब कम करने की अलग से काउंसलिंग हुई। विवाद पर विधिवत तीन कॉउंसलिंग कराई गयी। कॉउंसलिंग सफल रहा। अनावेदक वर्तमान में कंप्यूटर कार्य कर रहा है एवं शराब सेवन भी कम कर दिया है। छोटी बच्ची को भी राहत मिली। परिवार में आपसी सामजस्य बनाकर प्रेमपूर्वक साथ में रह रहे है।

एम्स हास्पिटल से चोरी करने वाले 3 शातिर चोर गिरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के नाभिकीय विभाग मे रखे रेडियोधर्मी द्यद्गड्डस्र डस्टबीन की चोरी होने की सुचना पर त्वरित कार्यवाही कर थाना आमानाका ने अपराध पंजीबद्ध कर रेडियोधर्मी डस्टबिन बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया मे एम्स अस्पाल के अधिकारियो द्वारा बताया गया कि चोरी हुआ रेडियोधर्मी lead डस्टबीन कोईआम डस्टबीन नही है उक्त डस्टबीन मे कैंसर के ईलाज से संबंधित अपशिष्ट पदार्थ के रेडियेशन को समाप्त करने हेतु रेडियेशन डस्टबीन मे रखा जाता है जो बहुत किमती है जिसकी कीमत करीबन 6 लाख रूपये है आम जन के संपर्क आने पर आम नागारिको के स्वास्थ मे बुरा प्रभाव पड सकता था। जिसे एम्स अस्पताल नाभिकीय विभाग मे आउटसोर्स मे काम करने वाले सफाई कर्मचारियो के द्वारा चोरी करने की शंका बताई गई मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी अमानाका द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह को जानकारी दिया उनके दिशा निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते पश्चिम रायपुर, नगर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा आजाद चौंक के मार्गदर्शन पर में थाना प्रभारी आमानाका को टीम गठित कर कार्यवाही करते हुये आउटसोर्स के तीन सफाई कर्मचारियो को हिरासत मे लेकर कडाई से पुछताछ किया जो उक्त द्यद्गड्डस्र डस्टबीन को चोरी करना बताये व अपने पास रखे होना बताया आरोपियो के कब्जे से चोरी हुये रेडियाधर्मी द्यद्गड्डस्र डस्टबीन को बरामद कर एम्स अस्पताल नाभिकीय विभाग कर्मचारियो से संपर्क कर एम्स अस्पताल नाभिकीय विभाग मे सुरक्षा के साथ भिजवाया गया।

सार समाचार

पुलिस विभाग की भर्ती में आयु सीमा में मिली 5 साल की छूट

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से सरकार द्वारा पुलिस के पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया-2024 के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का आदेश जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आयु सीमा में छूट की मांग का संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को दिए आश्वासन को पूरा करते छूट का आदेश जारी किया गया है। यह छूट सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए निर्धारित अधिकतम आयूसीमा में 05 वर्ष (सभी छूटो को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी) का शिथिलीकरण करते हुए निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की गई है द्य

अवैध शराब की तस्करी करने वाला मोपेड के साथ पकड़ाया

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना आमानाका टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत से एक लाल रंग की एक्टीवा क्रमाक CG04MW7559 मे अवैध रूप से शराब का परिवाहन कर ले जाया जायेगा कि सुचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते पश्चिम रायपुर, नगर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा आजाद चौंक के निर्देशानुसार में थाना प्रभारी सुनील दास आमानाका को टीम गठित कर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने निर्देशन पर मुखबीर की सुचना मे बताये स्थान रोड पर जाकर रेड कार्यवाही कर घेराबंदी किया गया जिसमे एक्टीवा क्रमाक CG04MW7559 को पकडा गया एक्टिवा की तलाशी लेने पर डिक्की से 45 पौवा मसाला देशी मद?िरा मात्रा 08लीटर 100 मिली के साथ एक आरोपी को का पकडा गया उक्त आरोपीयो से जुमला किमती करीबन 39950/- रूपये/- रूपया का वाजाप्ता जप्त किया गया। 2 अक्टूबर शराब दुकान बंद होने पर उक्त शराब को बेचने की तैयारी थी। आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 350/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार आरोपी- सोनू जगत पिता गोपाल जगत उम्र 22 साल पता --वीर शिवाजी नगर, मोहबा बाजार, थाना आमानाका रायपुर।

बापू की कुटिया में शकुंतला फाउंडेशन ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से बापू की कुटिया, कलेक्टर परिसर में शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर गांधी जी को श्रद्धांजलि देते हुए राम भजन और कीर्तन का आयोजन किया गया। समारोह में गांधी और शास्त्री जी द्वारा राष्ट्रहित में किए गए सेवा कार्यों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़े के तहत फाउंडेशन के सदस्यों ने परिसर की सफाई की और लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में स्मिता सिंह, गोविंद अग्रवाल, सुषमा बग्गा, डॉ. अनुश्री पाठक, प्रीति रानी शुक्ला और माया तिवारी सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

माँ दंतेश्वरी मंदिर का वीडियो सीएम साय ने किया शेयर

रायपुर। दंतेश्वरी मंदिर का वीडियो CM साय ने शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लिखा, !! जय माँ दंतेश्वरी !! पवित्र शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आइए दर्शन करें, दंतेवाड़ा स्थित दंतेश्वरी माई केज.दंतेश्वरी माई की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। नवरात्रि का पर्व हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो पूरी तरह से मां दुर्गा को समर्पित है। भक्त नौ दिन और नौ रात तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गा के नौ अद्वितीय स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि का पहला दिन आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 3 अक्टूबर 2024 को है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। इस दिन ही कलश स्थापना या घट स्थापना भी की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

स्प्रिंगदार चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। स्प्रिंगदार चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार हुआ है। गुढियारी पुलिस को सूचना मिली थी कि पानी टंकी के पास गोगांव में एक व्यक्ति अपने हाथ में चाकू लेकर लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुए आरोपी सूर्यकांत पाटिल को गिरफ्तार किया। और उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे बटनदार स्प्रींगदार लोहे का चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमाक 615/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

नाम आरोपी

सूर्यकांत पाटिल पिता ओम शंकर पाटिल उम्र 18 वर्ष 09 माह पता शिव गारमेंट के पास बजरंग नगर गोगाव थाना गुढियारी रायपुर

रायपुर-दुर्ग से चार ठग गिरफ्तार

शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर करते थे ठगी

भास्कर दूत

रायपुर। शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों के लिए बैंक अकाउंट, सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने सात जालसाजों को गिरफ्तार किया है।

इनमें से चार जालसाज रायपुर तथा दुर्ग के रहने वाले हैं। तीन करोड़ रुपए की ठगी के पांच अलग- अलग मामलों में पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जालसाजों की मदद करने वाले चार स्थानीय मददगारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट से 70 लाख रुपए होल्ड कराया है।

रेंज साइबर पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर ठगी करने के पांच अलग-अलग मामलों में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जालसाजी के आरोप में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पश्चिम बंगाल, कोलकाता निवासी सोमनाथ सरदार, दुर्ग, भिलाई निवासी प्रेम चंद्राकर, पुरुषोत्तम देवांगन, धरमपुरा निवासी हिमांशु निर्मलकर, मध्यप्रदेश, इंदौर निवासी मेहुल प्रजापति, सुंदर नगर निवासी वासु मानिक, टिकरापारा निवासी लुपेश साहू के नाम शामिल हैं। पुणे में कॉल सेंटर संचालित करने की आड़ में ठगी करने के आरोप में पकड़े गए प्रेम चंद्राकर ने ठगी के पैसों से भव्य मकान बनवाने के साथ लग्जरी कार खरीदी है। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता मेहरा से साढ़े 29 लाख की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता के साथ देश के अलग-अलग राज्य के लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के अनुसार ठगी के पैसों से प्रेम का लाइफ स्टाइल काफी लग्जरियस था। पूर्व में गिरफ्तार प्रेम का एक साथी जो गुजरात का रहने वाला है, उसके कब्जे से पुलिस ने पांच सौ बैंक अकाउंट जब्त किया है।

जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड उपलब्ध कराया

दुर्ग निवासी पुरुषोत्तम देवांगन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसके माध्यम से जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड पहुंचा है। पुलिस के अनुसार एक सिम कार्ड के बदले पुरुषोत्तम को पांच सौ से एक हजार रुपए तक मिलते थे। पुरुषोत्तम पेशे से एक मोबाइल कंपनी का सिम बेचने का काम करता था। पुरुषोत्तम ने जालसाजों को जो सिम कार्ड उपलब्ध कराया है, पुलिस उसे डिएक्टिवेट कराने की बात कह रही है।

रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और आर्टिलरी का शानदार स्वागत

भास्कर दूत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और पहल में हो रहे भव्य सैन्य समारोह के लिए आज राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया।

इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरण रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा।

शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ासा उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे। गौरतलब है कि सैन्य प्रदर्शनी 5-6 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें सेना के जाबांज सैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करेंगे।

कलश यात्रा के साथ गंजपारा में देवी भागवत कथा शुरू

भास्कर दूत

बालोद। गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गणेश मंदिर से महादेव भवन देवी कथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा के प्रारंभ में कथा वाचक रुचिता तिवारी ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य जजमान गोवर्धन चांडक सहित काफी संख्या में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल सहित बालोद शहर के धर्म प्रेमी सम्मिलित हुए। यहां पर कथा 13 अक्टूबर तक चलेगी। कथा का समय दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है।

भालुओं ने किया बुजुर्ग हमला, स्थिति गंभीर

भास्कर दूत

धमतरी। ग्राम अर्जुनी में बाड़ी में दातुन तोड़ने गए बुजुर्ग पर दो भालुओं ने हमला कर दिया इलाज के लिए नगरी अस्पताल ले गए जहां पर स्थिति गंभीर होने पर धमतर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अर्जुनी ग्राम पंचायत ढेहनी निवासी केशनाथ नेताम अपने घर से लगे बाड़ी में दातुन तोड़ने करीब शाम 4:30 बजे गए थे। तभी अचानक जंगल से दो भालू निकाल कर आए और केशनाथ के ऊपर हमला कर दिया। जब तक केशनाथ अपने आप को भालू के हमले से बचा पाते तब तक दोनों भालुओं ने उनके सर पर और जांघों की मांस को इतना नोच दिया कि बुजुर्ग की हालत गंभीर हो गई।

भालू के हमले के दौरान ग्रामीणों ने हल्ला किया तो भालुओं ने बुजुर्ग को छोड़कर जंगल की तरफ भागे। उसके बाद घर वालों की सूचना दी गई। तत्काल ग्राम वासियों ने प्राइवेट वाहन से नगरी शासकीय अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार कर स्थिति को देखते हुए धमतरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

महात्मा गांधी सत्य अहिंसा के पुजारी थे: महापौर विजय देवांगन जी

भास्कर दूत

धमतरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के उपलक्ष में महात्मा गांधी प्रतिमा सेंचुरी गार्डन के पास एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा घड़ी चौक पर महापौर विजय देवांगन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, एमआईसी सदस्य, एवं पाषर्द जनों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई महात्मा गांधी के नाम से मशहूर मोहनदास करमचंद गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख थे। सत्याग्रह व अहिंसा के सिध्दांतो पर चल कर उन्होंने भारत को आजादी दिलाने में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस सिद्धांतो ने पूरी दुनिया में लोगों को नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता आंदोलन के लिए प्रेरित किया। उन्हें भारत का राष्ट्रपिता भी कहा जाता है। महात्मा गांधी समुच्च मानवजाति के लिए मिशाल है। उन्होंने हर परिस्थिति में अहिंसा और सत्य का पालन किया और लोगों से भी इनका पालन करने को कहां, ऐसे महापुरुष को कोटि- कोटि नमन।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने युद्ध के दौरान देश को एकजुट करने के लिए उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। आजादी से पहले उन्होंने स्वंतत्रता आंदोलन मे भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कि। उन्होंने बड़ी सादगी और ईमानदारी के साथ अपना जीवन जिया और सभी देशवासियों के लिए एक प्रेरणा के श्रोत बने। एमआईसी सदस्यों एवं पार्षद जनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, केंद्र कुमार पेंदरिया, पार्षद दीपक सोनकर, कांग्रेस जिला महामंत्रीआलोक जाधव, भूपेश साहू, नरोत्तम यादव, योगेश साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

जल जगार महोत्सव 5 एवं 6 अक्टूबर को

रूट चार्ट एवं पार्किंग व्यवस्था की गई तैयार

धमतरी। आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को जिले के पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके मद्देनजर जल जगार महोत्सव में आने वाले प्रतिभागी, दर्शक, व्हीव्हीआईपी, व्हीआईपी के लिए रूट चार्ट बनाया गया है। इसके तहत जल जगार महोत्सव में पहुंचने वाले अंबेडकर चौक धमतरी-रूद्री चौक-पहलवान चौक-मरादेव-गंगरेल बस्ती होते हुए जल जगार महोत्सव में पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद उसी मार्ग से गंतव्य की ओर जायेंगे। पार्किंग व्यवस्था 4 स्थानों पर की गई है। जल जगार महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागी एवं दर्शकों के लिए पार्किंग-1 डब्ल्यू.आर.डी.वर्कशॉप के पास गंगरेल कॉलोनी जाने के मार्ग में स्थित मैदान पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इसमें दोपाहिया वाहन 500, कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 100 एवं बस/मिनीबस 20 वाहनें पार्किंग की जा सकती है। दूसरा पार्किंग पुलिस ट्रेनिंग सेंटर को बनाया गया है, जिसमें कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 200, बस, मिनीबस 100 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है। तीसरा पार्किंग अंगारमोती माता मंदिर पार्किंग में व्हीआईपी के लिए पार्किंग बनाया गया है, जिसमें दोपहिया वाहन 1800, कार, पिकप, ट्रेक्टर्स 780, बस, मिनीबस 20 वाहनों की पार्किंग किया जा सकता है। साथ ही वाटर स्पोर्ट्स जाने मार्ग बेरियर के पास 50 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। पार्किंग 4 मानव वन एडवेंचर कैम्प (ऑक्सीजोन) पार्किंग वाटर स्पोर्ट जाने के प्रवेश द्वार के बेरियर के बांये तरफ व्हीव्हीआईपी के लिए पार्किंग बनाया गया है, जिसमें 50 वाहन पार्किंग किया जा सकता है। इसके अलावा गंगरेल घूमने आने वाले पर्यटकों एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूट एवं पार्किंग व्यवस्था के तहत भी रूट चार्ट बनाया गया है। इसमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी से आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुगण अंबेडकर चौक-रूद्री चौक-पहलवान चौक- बेन्द्रानवागांव-डांगीमाचा-मानव वन ऑक्सीजोन होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। इसी प्रकार कांकेर, बालोद की ओर से आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु गुरूर-भटगांव-सोरम-डांगीमाचा होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। सभी पर्यटक एवं श्रद्धालू वापस डांगीमाचा होकर सोरम-गोकुलपुर-अंबेडकर चौक से अपने-अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। गंगरेल घूमने आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने वाले श्रद्धालु के लिए मानव वन एडवेंचर कैम्प (ऑक्सीजोन) पार्किंग बनाई गई है, जिसमें दोपहिया वाहन एक हजार, कार, पीकप, ट्रैक्टर्स 200 और बस, मिनीबस 100 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है।

राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्मप्रकाश भाई का बालोद आगमन आज

बालोद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन योग तपस्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्मप्रकाश भाई का बालोद आगमन आज शुक्रवार 4 अक्टूबर को होगा। उनके मार्गदर्शन में चुरगिया मांगलिक भवन देवारभाट में सुबह 7 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक योग तपस्या कार्यक्रम चलेगा। बता दें भ्राता आत्मप्रकाश ने यह ज्ञान नागपुर महाराष्ट्र से 1972 में प्राप्त किया। उन्होंने नागपुर विश्व विद्यालय से 1973 में एम.एस.सी स्वर्ण पदक के साथ पास किया। सन् 1976 में माउंट आबू मुख्यालय में अपना जीवन ईश्वरीय सेवार्थ में समर्पित किया।

उन्होंने भारत के सभी प्रान्तो में ईश्वरीय सेवार्थ भ्रमण किया है और राजयोग पर क्लासेस कराए है। रेडियो और दूरदर्शन पर आपके इन्टरयू समय प्रति समय प्रसारित होते रहते है। आपकी विशेषता राजयोग का गहन इअध्ययन स्वयं करना और दूसरों को कराना।वे विश्व के पाचों ही महाद्वीप अर्थात् अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया एवं एशिया के 95 देशों का भ्रमण करके ईश्वरीय संदेश तथा राजयोग की शिक्षाएं देकर अनेक आत्माओं को लाभान्वित किया है। आप युवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक है एवं मधुबन, ज्ञान सरोवर तथा शान्तिवन तीनों परिसरो में टोली विभाग संभालते है। उनके आगमन की तैयारियों में बीके भाई बहन लगे हुए हैं।

पोड़ी उपरोड़ा में खंड स्तरीय सजग कोरबा कार्यक्रम आयोजित

कोरबा । पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देशानुसार पोड़ी उपरोड़ा में खंड स्तरीय सजग कोरबा अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 114 ग्राम पंचायतों की मितानिन उपस्थित रहीं, जिन्होंने जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में साइबर क्राइम, नशा के खिलाफजागरूकता, अभिव्यक्ति ऐप, महिला सुरक्षा मैत्री व्हाट्सएप हेल्पलाइन (9479282100) और यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई। पुलिस ने सभी उपस्थित लोगों को इन विषयों पर जागरूक किया।बड़ी संख्या में मितानिनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और रैली भी निकाली। महिलाओं ने इस बात पर जोर दिया कि वे इस कार्यक्रम में मिली जानकारी को अपने गांवों तक पहुंचाएंगी और शराब की बिक्री को प्रतिबंधित करने में पुलिस को सहयोग करेंगी।

माता चंडी मंदिर में हुआ ज्योति कलश स्थापना

भास्कर दूत

गुंडरदेही। आज शारदीय नवरात्रि के पहले दिन नगर पंचायत गुंडरदेही के हटरी बाजार में स्थित चंडी माता के मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की गई। चंडी मंदिर बहुत ही पुराना और प्रसिद्ध मंदिर है बहुत दूर-दूर से लोग यहां अपनी मन्नत पूरी करने के लिए ज्योति कलश की स्थापना करते हैं और माता चंडी अपने भक्तों की मुरादे पूरी करती है इस नवरात्र में कुल 292 ज्योति कलश की स्थापना की गई है जिसमें घी के 27 कलश, भरती के 30 कलश और 235 अखंड ज्योत की स्थापना की गई है। इस मंदिर में ज्योति कलश स्थापना की परंपरा बहुत सालों से चली आ रही है । पूर्व विधायक राजेंद्र राय जी जो इस मंदिर समिति के संरक्षक भी हैं उन्होंने बताया की मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर जी, पूर्व विधायक राजेंद्र राय जी, राजा अजय राय ,राजा रुस्तम राय के साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी राय,के नाम से ज्योति कलश की स्थापना की गई है,साथ ही दूर दूर के लोग भी अपनी मंगलकामना के लिए यहां कलश स्थापना करते है । इस कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रमोद जैन,सोहन सोनी, वेणु गोपाल, भरत सोनकर,मंदिर के राजपुरोहित सचिदानंद शर्मा ,पुजारी खोरबाहरा राम, चंडी मंदिर समिति के समस्त सदस्यगण और नगरवासी शामिल हुए।प्रमोद जैन जी ने कहा की आज नवरात्र के पहले दिन चंडी माता के मंदिर में ज्योति कलश स्थापना कर पूजा अर्चना की और नगर वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

कवर्धा (भास्कर दूत)- अश्विन शुक्ल प्रतिप्रदा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्थानीय सिद्ध पीठ माँ विंध्यवासिनी मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ सहित पूरे कवर्धा वासियों के सुख शांति व समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को शारदीय नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्राहियों को किया गया सम्मानित

भास्कर दूत

जशपुरनगर। महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत की विशिष्ट अतिथि में जिला पंचायत सभागार में ''स्वच्छता ही सेवा'' स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन दिवस पर स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्राहियो को मुख्य अतिथि एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस समान समारोह में जनपद उपाध्यक्ष राजकपूर भगत,

अतिरिक्त सीईओ प्रदीप राठिया, उपसंचालक पंचायत कुसुम बड़ा, लेखाधिकारी, डीपीएम, डीएमएम विजय शरण प्रसाद, ब्लॉक समन्वयक दीपक साहू, कुंजबिहारी यादव, जय हो की टीम एवं यूनिसेफ से सुखनंद बंजारे उपस्थित थे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखरपुर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

विष्णु के सुशासन में लोगों तक पहुंच रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

भास्कर दूत

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो रही हैं। इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखरपुर को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान दिया गया है।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखरपुर में स्वास्थ्य सेवा और मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र निषाद एवं डॉ. शशिकांत साहू ने बताया कि इससे पूर्व कायाकल्प में तीन बार से पुरस्कृत हो चुकु हैं और जब हमें एनक्यूएएस के बारे में पता चला तभी से हमने एक जिद ले ली कि हमें इसे पूरा करना ही है। इस एनक्यूएएस में 06 डिपार्टमेंट थे। हमारे कर्मचारियों को डिपार्टमेंट के अनुसार काम बांटा गया और उसमें जो भी कमियाँ थी उसे हमारे जिले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा ब्लॉक से या जिला स्तर से उपलब्ध कराया गया। सारे 6 डिपार्टमेंट के मूल्यांकन में सभी कर्मचारियों द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया गया। जिसे सेंट्रल से आए हुए एक्सटर्नल द्वारा काफी सराहा गया और आज हमारा पीएचसी शेखरपुर 88.99 प्रतिशत के साथ एनक्यूएएस क्वालिफाई कर चुका। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जी एस जात्रा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गणपत कुमार नायक द्वारा बताया गया कि आने वाले दिनों मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखरपुर को रोल मॉडल के रूप मे चिन्हांकित करते हुए जिले के अन्य सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ केंद्रो एवं उपस्वास्थ्य केंद्रो को एनक्यूएएस प्रमाण प्रत्र के प्राप्ति के लिए प्रयास किया जायेगा।*

संपादकीय

राजनैतिक दलों के बिगड़े बयान, क्यों? कैसे रुके?

इधर कुछ दिनों से भारत के राजनैतिक दल एक दूसरे के हर काम की समीक्षा करते हुए दूसरे दलों की आलोचना करते हैं । यह ऐसा ही है मानों हम अपने पड़ौसी के घर बने खाने की ताक-झांक करते हैं और कहें कि इन्होंने भिण्डी की सब्जी क्यों बनाई? या इन्होंने दाल मसूर की क्यों बनाई? अब यह आपके पड़ौसी के घर का मामला है, आपको इससे क्या लेना ! अब आतिशी के दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने पर कांग्रेस और अन्य दल अनेक प्रकार की बयानबाजी कर रही है । अभी लोकसभा चुनाव में आप पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था । कन्हैया कुमार तो सुनीता केजरीवाल से भी मिला था । विगत सम्बन्धों को देखते हुए कुछ तो संयम और मर्यादा बरतनी चाहिए । भाजपा के प्रवक्ता तो अब जरा जरा सी बात पर सभी गैर भाजपा पार्टी पर बिफर पड़ते हैं । अरे, अगर भाजपा को दिल्ली जीतनी है तो जनता के पास जायें । पिछले दो चुनाव में कांग्रेस को तो दिल्ली विधानसभा में एक भी सीट नहीं मिली और भाजपा को एक बार मात्र तीन और दूसरी बार छ- या सात सीटें मिलीं । असल निर्णायक जनता होती है । शायद भाजपा के प्रवक्ता समझते हैं कि सभी विपक्षी पार्टियों की आलोचना करने पर मोदी जी खुश हो जाएंगे । आजकल संबित पात्रा नहीं दिखलाई पड़ते । 2019 के लोकसभा चुनाव में वे पुरी(उड़ीसा) से हार गये थे । इस बार जीत गये परन्तु इसका बड़ा कारण यह था कि कांग्रेस की महिला प्रत्याशी ने चुनाव के लिए प्रचार किया ही नहीं । उन्होंने अपना नाम भी वापस नहीं लिया और चुनाव लड़ा भी नहीं । शायद संबित पात्रा उड़ीसा के मुख्यमंत्री बनना चाहते हों या केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह । अब भाजपा के प्रवक्ता कह रहे हैं कि आतिशी के माता-पिता अफजल गुरु का साथ दे रहे थे । अब अफजल गुरु की फांसी को मेहबूबा मुफ्ती भी ग़लत बतलाती हैं जिसके साथ भाजपा ने मिलकर कश्मीर में सरकार बनाई थी ।

इधर राहुल गांधी के बारे में भाजपा प्रवक्ता, महाराष्ट्र के मंत्री आदि ऐसी-ऐसी बातें कह रहे हैं जो कानून का खुला उल्लंघन है । परन्तु इस पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कुछ नहीं बोल रहा है । स्वयं स्वयं प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि कांग्रेस को भी उनके गणेश पूजन पर भी आपत्ति है । असल में मुद्दा यह है कि प्रधानमंत्री गणेश उत्सव पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के घर गये थे । वहां शायद पूजन चल रहा होगा तो उन्होंने उस पर भाग ले लिया । इस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है । असल प्रश्न है प्रशासन और जुडीशियरी का अलग-अलग रहना । कोई यह नहीं कह रहा है कि प्रधानमंत्री कहीं जा नहीं सकते । वे देश के सर्वोच्च नेता हैं । उन पर कोई पाबंदी नहीं लगा सकता । परन्तु अच्छा होता कि मुख्य न्यायाधीश के घर न जाकर उनसे कहीं और किसी मीटिंग में मिल लेते । अब कहते हैं कि मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी में भी तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गये थे । शायद यह भी ठीक नहीं कहा जा सकता । अपना नाम घोषित नहीं करने की शर्त पर अनेक रिटायर्ड जजों का कहना है कि चाहे शिष्टाचारवश ही क्यों न हो जुडिशरी और प्रशासन के मुख्य प्रमुख गैर सार्वजनिक अवसरों पर न मिलें । सुप्रीम कोर्ट में बहुत से मुकदमे केन्द्रीय सरकार के विरुद्ध भी होते हैं ।

असल में आज के प्रधानमंत्री और आज के मुख्य न्यायधीश इतने सच्चे और कर्तव्य परायण हैं कि उन पर शक करना बहुत गलत है और शिष्टाचार के भी विरुद्ध है । फिर भी न्याय कहता है कि न्याय होतेभी दिखलाई पड़ना चाहिए । यदि यह सिद्धांत मान्य हो तो फिर दोनों का मिलना नहीं होना चाहिए । परन्तु चाहे पक्ष हो या विपक्ष ऐसी बातों को हवा देना बिल्कुल ग़लत है । अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह मतलब नहीं है कि कोई प्रधानमंत्री या मुख्य न्यायाधीश पर कोई टिप्पणी करें । हम दैनिक अजय भारत इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहना चाहते । केवल कहते हैं कि प्रवक्ताओं को संयम बरतना चाहिए ।

सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक विद्रूपताओं पर गहरी चोट

जैसा कि सर्व विदित है कि हम भारत के लोगों के द्वारा 26 नवंबर 1949 को जो संविधान अंगीकृत, आत्मार्पित किया गया है जिसका एकमात्र उद्देश्य ऐसा लोकतांत्रिक गणराज्य बनाना है जिसमें आजादी की गरिमा को सामान्य नागरिक के लिए सुनिश्चित करना हो या यों उद्घाषित करें कि एक ऐसा समाज जहां नागरिक अपने मानव-सार या अपने स्वत्व को पहचान सके, अपने भीतर की सभी संभावनाओं की तलाश कर सके। हमारे देश की संरचना लोकतांत्रिक तो है ही पर यहां लोकतंत्र व्यापक शब्दों में आकर स्तंभित हो जाता है । लोकतंत्र के इस शब्द में व्यापक समावेशी अर्थों में संपूर्ण लौकिक, आत्मिक सोपानों को समाहित करते हुए व्यक्ति के आपसी संवाद,भाषा, मूल्य की सही मीमांसा नागरिकों के लिए एक दु: स्वप्न की तरह ही है । यह स्वप्न अब वर्तमान संदर्भों में और दुष्कर हो गया है। राजशेखर चौबे की कृति संतरा गणतंत्र भी इसी तर्ज पर लिखा गया व्यंग्य संग्रह है, जिस तरह संतरा ऊपर से एकाकार दिखाई देकर अंदर से अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ होता है इसी तरह भारत देश भी अलग-अलग संप्रदाय जातियों एवं सामाजिक रीति-रिवाज से बंटकर भी एक लोकतांत्रिक देश है। इस संग्रह में विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की अड़चनों और रूकावटों की गहरी पड़ताल है जो इस समय की सबसे बड़ी मांग है और जिसे लेखक ने अपने शब्दों में व्यंग्य के माध्यम से पाठकों के मध्य परोसा है। इसमें विभिन्न पारंपरिक बाधाओं, रूकावटों के बाद भी देश का 78 वर्षों से संचालन होना आश्चर्यजनक तो है ही साथ में सत्य भी है परंतु यह प्रश्न उठता है कि सारे मुक्तिकामी मूल्य, अग्रगामी संघर्ष इस प्रश्न की चौखट पर हांफते नजर आते हैं। कल्पना कीजिए कि हमारे परिवार में ही लोकतांत्रिक मूल्य न बचे हो तो समग्र रूप से देश में इसकी परिकल्पना बेमानी होगी और यह भी कल्पना कीजिए कि जिस परिवार में लोकतंत्र अस्तित्व में नहीं है या कमतर है वहां सदस्य गण हिंसाओं,

विषमताओं दमन तथा क्रूरता पर आधारित हो , यह सामाजिक रूप से विसंगतियां पैदा करते हों तब भी क्या परिवार के बच्चे स्वस्थ,उच्चतर जीवन मूल्यों की ओर उन्मुख हो सकते हैं। यही व्यापक प्रश्न समग्र रूप से बड़े कैनवास पर उतारकर व्यंग्यकार ने अपने संग्रह में न सिर्फ देश की बल्कि वैश्विक समाजार्थिक समस्याओं के विरोध में अपनी कलम चलाई है। संतरा गणतंत्र (बनाना-रिपब्लिक) की तर्ज पर लिखा गया संग्रह है । यहां बहुत ही उल्लेखनीय है कि बनाना गणतंत्र 1904 में अमेरिकन लेखक ओ हेनरी ने इस लोकोक्ति का प्रयोग किया था जिसमे उल्लेखित किया है कि केला गणतंत्र जिसे अंग्रेजी मूल में बनाना रिपब्लिक कहा जाता है एक राजनीतिक रूप से अस्थिर देश होता है जिसकी अर्थव्यवस्था किसी ऐसे विशेष कृषि खनिज या अन्य उत्पादन के निर्यात पर निर्भर हो एवं जिसकी विश्व में भारी मांग हो। भारत अब हर दिशा में हर उत्पादन को सर्वाधिक सर्वोपरि रख आत्मनिर्भर देश होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है आने वाले वर्षों में तीसरी बड़ी आर्थिक अर्थव्यवस्था बन सकता है । खैर यह भारतीय गणतंत्र पर संदर्भित व्यंग्य लिखा गया है। राजशेखर चौबे ने अपने व्यंग्य संग्रह में 56 व्यंग्य लिखें अब आप समझ जाएंगे ही कि किसी राजनेता का सीना 56 इंच का हो सकता है तो व्यंगकार की 56 रचनाएं क्यों नहीं? राजशेखर चौबे का पहला व्यंग्य संग्रह आजादी का जश्न जिसकी भूमिका मेरे द्वारा ही लिखी गई थी, दूसरा व्यंग्य संग्रह स्ट्राइक 2.0 तीसरा व्यंग्य संग्रह निठ्ठलों का औजार - सोशल मीडिया पाठकों के समक्ष आई थी जिसे देश के पाठकों से काफी स्नेह तथा प्यार भी मिला है, अब यह चौथा व्यंग्य संग्रह संतरा गणतंत्र पाठकों के सामने पढ़ने के लिए उपलब्ध है। इस संग्रह में यह कहने का प्रयास किया गया है कि लोकतंत्र का यह मूलभूत सिद्धांत है कि बात या संवाद माना जाए या ना माना जाए लेकिन उसे सुना जरूर जा सके, संवाद अबाधित जारी रहना चाहिए। परिवार में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत खीझ, गुस्सा,आक्रोश प्रदर्शित करने की सुविधा होती है ऐसे में उसमें प्यार और पारस्परिक संवेदनशील संवाद कम ही होते हैं। जिस तरह परिवार में पारिवारिक सदस्य एक दूसरे से अजनबी बनकर अलग-अलग द्वीप बना लेते हैं । इस तरह लोकतांत्रिक पार्टियों भी विभिन्न विचारधाराओं के होकर अलग-अलग खेमे में बंट जाती है। व्यंग्य संग्रह इसी मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ा है। व्यंग्यकार स्वयं लिखते हैं कि वे बदलाव के लिए लिखना चाहते हैं । व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की 2023-24 में जन्म शताब्दी के अवसर पर उन्हें याद करते हुए यह व्यंग्य संग्रह लिखा गया है और संभवत राजशेखर चौबे ने अपने व्यंग्य सपने में परसाई पर यह लिखा भी है कि वे व्यथित,वंचित व्यक्ति के साथ खड़े हैं और सामाजिक आर्थिक विद्रूपताओं पर प्रहार करना चाहते हैं। उनके कई व्यंग्यों में इसका स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है जैसे विमुद्रीकरण से मौद्रिकरण, गिरावट का दौर, वर्चुअल रियलिटी की रियलिटी, कर लोटस हो गए, टमाटर का औसत मूल्य आदि । यह हर राजनेता जानता है कि जितने भी व्यंग्य लिखे जाते हैं चाहे वह गद्य हो या पद्य उनका सबसे सुपाच्य भोजन नेता और आर्थिक तंत्र के चूषक जिम्मेदार व्यवसायी होते हैं इसका यह कतई मतलब न निकाला जाए कि केवल व्यंग्यकारों के निशाने पर नेता और व्यवसायी ही होते हैं बल्कि वह हर भ्रष्टाचारी अधिकारी एवं व्यक्ति होता है जो समाज के गरीब तबके के आम और वंचित व्यक्ति का शोषण करता है। व्यंग्यकार की लेखनी से कहीं-कहीं लक्षित होता है कि वे कार्ल मार्क्स के दास कैपिटल की वृष्टि-छाया या उनके वैचारिक शैडो से बाहर निकलने की छटपटाहट दिखाते हैं पर वामपंथ का प्रभाव दिखाई देता है। किसी भी संग्रह के लेखन अथवा किसी भी तरह के लेखन के लिए यह बहुत आवश्यक है कि आप उसका गहन,अध्ययन और मनन करें एवं उसे पर गहरी विचार दृष्टि पैदा करें तभी जाकर लेखकीय परिणाम अच्छे और परिणाम मूलक होते हैं। ऐसा लगता है कि लेखक बहुत शीघ्रता से शीर्ष लेखकों की अग्रिम पंक्ति में स्थान बनाना चाहते हैं एवं इसी आपाधापी में यह विष्मृत नहीं किया जाना चाहिए कि व्यंग्य का आनंद तभी लिया जा सकता है कि वह पढ़ने वालों में सही और सटीक हास्य एवं गुदगुदी भी पैदा कर सके, शुष्क और बौद्धिकतावादी व्यंग्य से पाठक थोड़ा बिद्कता भी है। खासकर आम पढ़ने वाला व्यक्ति इसे समझें और संपूर्ण आनंद ले इसी उद्देश्य के साथ लिखा जाना चाहिए। यही वजह है कि परसाई आमजन के बहुत बड़े व्यंग्यकार स्थापित हुए हैं ।

श्रीलालशुक्ल जी की राग दरबारी इतनी प्रसिद्ध हुई है। मैं केवल हास्य की वकालत नहीं कर रहा हूँ । मैं इस बात को अच्छी तरह समझता हूं कि हास्य और व्यंग्य के बीच एक बारीक एवं अदृश्य सीमा होती है। राजशेखर चौबे चूंकी पूर्व में राजस्व सेवा में रहे हैं उसका भी प्रभाव उनकी रचनाओं में पड़ता है यह स्वाभाविक भी है। उनकी अन्य रचनाओं में सत्य से मुठभेड़ में उन्होंने लिखा है कि आज सत्य का स्वरूप बदल गया सत्य समाज के सामने वही स्थापित सत्य है जो मीडिया उन्हें परोस कर देता है।

कछुआ और खरगोश में वर्तमान युग की आपाधापी को दर्शाया है । ग्रह लोड का लोड में उन्होंने प्रजातंत्र की आधुनिक परिभाषा में लिख दिया प्रजातंत्र को नेता का, नेता के द्वारा और नेता के लिए शासन कहा जा सकता है और यदि विश्वास न हो तो नेता और प्रजा को वर्तमान में देखा जा सकता है। सबसे मजेदार बात उन्होंने जो लिखी है वह वर्चुअल रियलिटी की रियलिटी जिसमें गायों को हरा चश्मा पहनाकर भरमाया जाता है और उससे ज्यादा दूध प्राप्त करने की प्रक्रिया मनोवैज्ञानिक तरीके से प्राप्त कर ली जाती है। इसी तरह हिंदुस्तान की जनता को भी शासन भ्रम में रखकर बहला फुसला लेते हैं। व्यंग्यकार की कथनी और करनी में ज्यादा अंतर नहीं है । उनकी सभी व्यंग्य रचनाओं का उल्लेख किया जाना संभव नहीं है। व्यंगकार अपने व्यंग्य के माध्यम से पाठकों में बौद्धिक प्रभाव छोड़ने में सफल हुए हैं।

व्यंग्य संपूर्ण तौर पर कहीं पूरी सादगी से और कहीं पर संपूर्ण इंटेलेक्चुएलटी के साथ धमक देतें हैं। यह व्यंग्य संग्रह संतरा गणतंत्र घोर यथार्थवादी है एवं पेशेवर अंदाज में लिखा गया है और पाठक लेखक की रचनात्मक और समाज की विसंगतियों को जिज्ञासावश खोज कर लिखने की जुगत में अन्वेषक भी दिखाई देते हैं। यह भी स्पष्ट है कि अलंकारिक शब्दों और शिल्प के अनावश्यक आकर्षण से लेखक ने अपने को मुक्त रखा है। व्यंग्यकार द्वारा सूचना संसार तथा सूचना के तकनीकी ज्ञान का सम्यक प्रयोग-उपयोग कर रचनाओं को समकालीन भी बनाया है।

संतरा गणतंत्र अभिनव प्रयोग वाला व्यंग्य संग्रह है वैसे आप इसे अवश्य पढ़ें और जैसा कि लेखक ने अपनी बात में लिखा है कि आलोचना-

समालोचना उनके लिए सदैव अपेक्षित है ।

- संजीव ठाकुर,
चिंतक, लेखक, स्तंभकार,
रायपुर छतीसगढ़,

उत्तर प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और जातिवाद की जहरीली होती राजनीति

योगीराज में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए साढ़े सात वर्षो में 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 872 नशा व हथियार तस्करी अपराधी और 379 साइबर अपराधियां को गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनावों में पार्टी के सांसदों की संख्या बढ़कर 37 हो जाने से समाजवादी पार्टी विशेष उत्साह में है और जहाँ जहाँ भी उसके सांसद जीते हैं वहाँ वहाँ पार्टी के कार्यकर्ता न केवल अराजकता का वातावरण बनाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं वरन जातिवादी जहर घोलने का प्रयास भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश की योगी सरकार लगातार अपराध और अपराध जगत पर जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही है जिसमें कुख्यात माफियाओं व अपराधियो के एनकाउंटर हो रहे हैं तथा बुलडोज़र भी चलाये जा रहे हैं, कई जगह अपराधी स्वयं ही आत्समर्पण भी कर रहे हैं या फिर अपना काम धंधा बदल रहे हैं। प्रदेश का जन सामान्य योगी सरकार की बुलडोज़र नीति से प्रसन्न है जबकि विपक्ष लगातार यही आरोप लगा रहा था कि बुलडोज़र से लोगों को डराया जा रहा है या अल्पसंख्यको को सताया जा रहा है आदि-आदि। जब सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर पर अंतरिम रोक लगाई तो पूरा विपक्ष खुशियाँ मनाने लगा जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माण को अपने आदेश से अलग रखा था। योगी राज्य में बुलडोज़र केवल अतिक्रमण पर ही चलता है अत: प्रशासन को अपना काम करने में कोई समस्या नहीं आई। आश्चर्यजनक रूप से समाजवादी नेता अपनी जातिवाद की राजनीति को और पैना करने के लिए अपराधियों के पक्ष में खड़े हो रहे हैं। वहीं विगत दिनों हुई कुछ आपराधिक घटनाओं में शामिल लोग समाजवादी पार्टी से सम्बंधित रहे हैं संभवत: यही कारण है कि समाजवादी नेता अखिलेश यादव सहित अन्य सभी जातिवादी नेता जातिवाद के जहर को और तीखा कर रहे हैं। अयोध्या से लेकर कनौज तक दुष्कर्म की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं उसमें सपा कनेक्शन मिला, प्रयागराज में अवैध मदरसे में चल रहा जाली नोट का व्यापार व फिर कौशाम्बी में जाली नोट खपाने वाले सपा के दो नेता अपने दस सहयोगियों के साथ पकड़े गए स्वाभाविक रूप से आपराधिक घटनाओं में लिप्त पार्टी को बैकफुट पर जाने से बचाने के लिए ही अपराध की वीभत्सता तथा गम्भिरता की जगह अपराधी की जाति बीच में लाई जा रही है। अगस्त माह के अंत में सुल्तानपुर में डकैती डालने आये गिरोह के सदस्यों का एनकाउंटर हुआ जिसमें से एक मंगेश यादव के नाम पर समाजवादी नेता यादव समाज की सहानुभूति बटोरने के लिए उसके घर पहुंच गये और उसका महिमा मंडन करते हुए कहा कि यह एनकाउंटर नहीं एक हत्या है और अब सपा इस मामले को आगामी विधानसभा सत्र में भी जोर शोर से उठाने जा रही है। समाजवादी नेता आजकल जातिगत आधार पर ही अपराध और अपराधियों का संरक्षण व महिमामंडन कर रहे हैं।

मृत्युंजय दीक्षित

हिंदू मंदिरों के संचालन का सवाल, देश के कई मंदिरों में ब्राह्मण पुरोहित नहीं

तिरुपति बालाजी मंदिर में पशुओं के चर्बीयुक्त घी से बने प्रसाद पर विवाद के बीच यह मांग उठ रही है कि मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाए। इस मांग के विरोध में यह कहा जा रहा है कि अगर मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हट गया तो क्या वे फिर से ब्राह्मण वर्चस्व में नहीं चले जाएंगे? इसी के साथ यह भी कहा जा रहा है कि ये ब्राह्मण ही थे, जिन्होंने सारे मंदिरों पर कब्जा कर लिया और उनमें दलितों और पिछड़ों की भागीदारी सीमित कर दी। यह सही है कि भारत में अधिकांश मंदिरों के पुजारी जन्मना ब्राह्मण होते रहे। शायद आज भी अधिकांश मंदिरों में वही हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि शत-प्रतिशत मंदिरों के पुजारी ब्राह्मण होते हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरोहित उनकी अपनी जाति के होते हैं और उनके मंदिरों के पुजारी भी, खासकर दलितों के यहां। जनजातियों का सिस्टम अलग है। हिंदू व्यवस्था में ब्राह्मण उन्हीं के पुरोहित थे, जिनसे उनका 'पानी पीने का संबंध' था यानी अभी की अधिकांश कथित सवर्ण और पिछड़ी जातियों के यहां, जो सकल आबादी की करीब 50 प्रतिशत हैं। सवाल है कि क्या दलितों के यहां पूजा न करवाने का फैसला अकेले ब्राह्मणों का था? क्या देश के दो-तीन प्रतिशत ब्राह्मण और उसमें भी 0.01 प्रतिशत पुरोहित ऐसा अपने मन से थोप सकते थे? स्पष्ट है कि इसमें सवर्ण और पिछड़ा सहित

देश में आर्य समाज कबीर पंथ ब्रहम समाज इत्यादि के हजारों मंदिर हैं जिनमें ब्राह्मण पुरोहित नहीं हैं। शहरों में तो खैर पता ही नहीं चलता कि किस मंदिर में ब्राह्मण या गैर-ब्राह्मण पुरोहित हैं। आधुनिक काल में ऐसे बहुत से संप्रदाय बने हैं-खासकर इस्कान साई मंदिर समूह गायत्री परिवार आदि जिनमें सभी जातियों के पुरोहित हैं। पुजारी और पुरोहित में फर्क करना जरूरी है।

पूरा समाज शामिल था। 2011 की जनगणना में देश में करीब 26 लाख धार्मिक संस्थान/ मंदिर-मस्जिद-चर्च इत्यादि होने की बात कही गई। इसमें करीब 19 लाख हिंदू संस्थान थे। यह मान लें कि पिछले सौ साल में अनेक मंदिर सड़कों के किनारे निहित स्वार्थों के लिए भी बने हों तो यह ध्यान रहे कि उन्हें बनवाने वाले ऐसे बहुत सारे लोग थे, जो ब्राह्मण नहीं थे। करीब 15 लाख मंदिर सैकड़ों-हजारों सालों से देश में हैं, वे राजाओं, जमींदारों और सेठों द्वारा बनाए गए और उन्होंने उसमें ब्राह्मण पुरोहित नियुक्त किए। ऐसा परंपरा से हुआ। किसी ब्राह्मण ने कोई मीटिंग या जलसा नहीं किया कि उसे ही पुरोहित बनाया जाए। इन 15 लाख मंदिरों में से लाखों ऐसे मंदिर भी हैं, जो ब्राह्मणों से इतर मठ हैं। आप गोरखपुर मठ का नाम लें या कर्नाटक में लिंगायत/वोक्कालिगा मठों के, इनके स्वामी गैर-ब्राह्मण होते हैं। हाल में जिस 'सेंगोल' नामक राजदंड का प्रधानमंत्री मोदी ने प्रचार किया और जिसकी जड़ें चोल राजवंश तक जाती हैं, उनके मठाधीश गैर-ब्राह्मण हैं। देश में आर्य समाज, कबीर पंथ, ब्रह्म समाज इत्यादि के हजारों मंदिर हैं, जिनमें ब्राह्मण पुरोहित नहीं हैं। शहरों में तो खैर पता ही नहीं चलता कि किस मंदिर में ब्राह्मण या गैर-ब्राह्मण पुरोहित हैं। आधुनिक काल में ऐसे बहुत से संप्रदाय बने हैं-खासकर इस्कान, साईं मंदिर समूह, गायत्री परिवार आदि जिनमें सभी जातियों के पुरोहित हैं। पुजारी और पुरोहित में फर्क करना जरूरी है। पुजारी वह है, जो दैनिक पूजा-अर्चना या भोग लगाता है। पुरोहित वह है, जो खास अंतराल पर पारिवारिक कर्मकांड करता है। सवर्णों या पिछड़ों के बीच कर्मकांड पर तो ब्राह्मणों का वर्चस्व है, लेकिन पुजारी होने पर नहीं। यह फर्क हमें समझना चाहिए।

विश्व शतरंज में भारत का दबदबा

शतरंज ओलम्पियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने स्वर्ण पदक जीत लिए, तो यह कोई संयोग नहीं है। बल्कि यह विश्व शतरंज में भारत की बनी ताकत का इज़्हार है।

शतरंज ओलम्पियाड में रविवार को भारत कामयाबी की जिस ऊंचाई पर पहुंचा, उचित ही उसकी तुलना 1983 में क्रिकेट विश्व कप में भारत के चैंपियन होने और ओलंपिक्स में 2008 में अभिनव बिंद्रा के भारत की ओर से पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने से की गई है। इस सफलता के साथ भारत की जो अन्य अभिनव उपलब्धियां याद आती हैं, उनमें 2021 में एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा का भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतना और 2022 में बैडमिंटन में पहली भारत का थॉमस कप जीतना शामिल है। वैसे इस सफलता का जिस उपलब्धि से सीधा संबंध है, वह साल 2000 में विश्वनाथन आनंद का विश्व शतरंज विजेता होना है। सीधा संबंध इसलिए क्योंकि आनंद की कामयाबी तब से भारत के तमाम शतरंज खिलाडियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।

सिद्धांत, आदर्श, भविष्य और वफ़ा

एक पूर्व मंत्री ने बी जे पी छोड़ी,
कहा पार्टी सिद्धांतों से भटक गई है।
क्योंकि मेरी भी टिकट लटक गई है?
वो ये कहने लगे राष्ट्रीय विचारधारा
और आदर्श तो राजनीति से जुड़े थे,
टिकट के लिए ही हम भी तो अड़े थे।
इधर रेवाड़ी में क्या बोले केजरीवाल,
आपके बच्चों का भविष्य बना दूंगा।
जिसका खुद का भविष्य अधर में हैं!
नहीं तो आतिशी सा शिष्य बना लूंगा।
सावित्री कहती जाट संघ मेरा परिवार,
मुझे विजयी बनाईएं ये हैं मेरा हिसार।
अब जिंदल निकाल रही है खूब मार्च,
कह रही हैं एकजुट हो जलाओ टॉर्च।
सावंत कहे बड़े मार्जिन से होगी जीत,
तभी होगी हिसार की जनता से प्रीत।
सैनी बोले राहुल की निकल चुकी हवा,
शैलजा की नाराजगी हो गई रफा-दफा।
राहुल बोले हुड्डाजी और मेरे साथ खड़ी हैं,
अब तो कांग्रेस के प्रति उनकी वफ़ा बढ़ी है।

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

न लिखने की मजबूरी

सामने आ गया बहुत बड़ी मजबूरी,
सच नहीं लिखना था जरूरी,
उस दिन मेरे झूठे आत्मसम्मान को
पड़ गया कसकर घूंसा,
पैसे वालों ने अक्षरशः न लिखने के लिए
जब मेरे मुंह में बड़ा रकम ठूंसा,
सच्चाई से मुझे कोई मतलब नहीं
ये सब जाए भाड़ में,
अब झूठ से कर ली है यारी
और सच को फेंक दिया कबाड़ में,
सोचता हूं जब सही तरीके से
हो जाऊं अपने पैरों पर खड़ा,
अपनी ही नजरों में कभी हो जाऊं बड़ा,
तब सच की गठरी खोलूंगा,
यहां डर भी बना रहेगा कि
कैसे उनके सामने अपना मुंह से बोलूंगा,
तब मैं आदी हो चुका रहूंगा झूठ का,
अहसास होगा सिर्फ नाकारों के वजूद का,
अब मैं खुद की नजरों में काला दिखता हूं,
इसीलिए माफ करना दोस्तों
मैं अब सच नहीं लिखता हूं।

राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़ छग

शब्द सामर्थ्य- 394

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

1		■	■	2		3	■	■
	■	4			■	5	6	
7			■		■	■		■
■	■		■	8	9			10
11		■	12	■		■	■	
	■	13		14		■	■	
	■	15			■	16		
17	18			■	19		■	
■		■	■	20			■	■

शब्द सामर्थ्य - 393

मै	दा	न	■	स	र	ग	म	■
त्री	■	सी	■	■	क्षा	■	धु	र्रा
■	सा	ह	स	■	■	■	र	■
स्वा	ग	त	■	स	म	झौ	ता	■
व	र	■	■	र	■	■	■	म
लं	■	वि	ला	स	■	■	दा	म
बी	न	■	ज	■	सा	मा	न	ता
■	ज	■	वा	हि	या	त	■	■
त	र	की	ब	■	ना	■	खा	ली

राशिफल

मेष
आज तकदीर आपके साथ रहेगी। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को अपनी बात समझाने में सफल रहेंगे। साथ ही अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे, जो आपकी क्षमताओं से प्रभावित होकर आपके विकास के लिए नए रास्ते खोलेंगे।

वृषभ
आज आपका दिन शानदार रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी की मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करेंगे तो आपके लिए बेहतर होगा।

मिथुन
अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में आपकी अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के ठेकेदार के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है।

कर्क
आज का दिन आपको अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए शुभ है। आज कार्य की सफलता के लिए काम के तरीकों में बदलाव की जरूरत है, जिससे आपके काम जल्द होंगे और आपको राहत महसूस होगी।

सिंह
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश होकर आपको ईनाम स्वरुप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाए। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

कन्या
आज आपके मन मे नए- नए विचार आयेंगे। आपके नए विचारों से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही आपकी सराहना करेंगे। यदि आप कुछ नया करने के लिए सोच रहे हैं, तो नया कौशल और तकनीक सिखने का प्रयास करें।

तुला
आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप बहुत सरलता से घर के काम बिना थकान के पूरा करेंगे। बेहतर परिणामों के लिए खुद पर भरोसा रखें। साथ ही अपना व्यवहार कार्यों के प्रति अनुकूल बनाए रखें। इस राशि के जो लोग प्राइवेट नौकरी करते है।

वृश्चिक
आगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स की तरक्की में कई दिनों से आ रही रूकावटें आज दूर हो जाएंगी। साथ ही पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएंगी। इस राशि के बिल्डर्स के लिए आज का दिन शुभ है।

धनु
आज आपको नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर आप नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। साथ ही अवसरों का ध्यान रखे और उनको हाथ से जाने न दें। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लाईफ में आने वाली समस्याएं सहजता से हल होंगी।

मकर
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आएगी। आज आपके सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। इस राशि के ड्राई क्लीनर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

कुंभ
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आप जिन कार्यों को पूरा करने का प्रयास कई दिनों से कर रहे है, उन्हें पूरा करने में सफल होंगे। अगर आपका काम करने का तरीका सही है तो आपको अपनी कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है। इस राशि के जो लोग ज्वेलरी का बिजनेस करते है।

मीन
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आगे बढ़ने के लिए आपके पास बेहतर डिग्री और विकल्प उपलब्ध रहेंगे। आज रोजगार में परिवर्तन होने की संभावना है।

सू-दोकू क्र. 394

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 393 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

भास्कर दूत

रायपुर,शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024

मध्य पूर्व में तनाव से लाल निशान में खुले शेयर बाजार

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारी गिरावट के साथ खुले। इसकी वजह मध्य पूर्व में ईरान और इजरायल के बीच तनाव को माना जा रहा है।



सुबह 9:21 पर सेंसेक्स 805 अंक या 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,462 और निफ्टी 254 अंक या 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,542 पर था। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी जा रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 256 शेयर हरे निशान में और 1,188 शेयर लाल निशान में थे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 में 28 शेयर लाल निशान में थे। विप्रो, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, रिलायंस, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टीसीएस, एलएंडटी, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स थे। केवल जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा स्टील ही हरे निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 460 अंक या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,897 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 147 अंक या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,184 पर था। सबसे अधिक गिरावट ऑटो, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में देखी जा रही है। केवल मेटल इंडेक्स ही हरे निशान में थे। स्टॉक्सकार्ट के मुताबिक, मध्य पूर्व में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव और वैश्विक बाजार उथल-पुथल के कारण भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुले हैं। गुरुवार के अब तक के कारोबार में एशियाई बाजारों में मजबूती देखने को मिली है। हालांकि , बुधवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली बढ़त देखी गई थी। ऐसे में निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो और ताइपे में हरे निशान में हैं, जबकि हांगकांग, बैंकॉक, सोल और जकार्ता लाल निशान में हैं। अमेरिकी बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुए थे।

एफएमसीजी और ऑटो समेत सभी सेक्टरों में बिकवाली

सेबी के एक्शन से एफएंडओ सेगमेंट में आधी रह जाएगी ट्रेडिंग वॉल्यूम

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से डेरिवेटिव्स यानी फ्यूचर्स और ऑप्शन्स (एफएंडओ) को लेकर बनाए गए नए नियमों के लागू होने के बाद एफएंडओ सेगमेंट में ट्रेडिंग वॉल्यूम आधी हो सकती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि वॉल्यूम में 50 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है, क्योंकि कॉन्ट्रैक्ट साइज बढ़ने के बाद 50 से 60 प्रतिशत ट्रेडर्स के बाजार से बाहर होने की उम्मीद है।

सूत्रों ने बताया कि अगर नए नियम लागू होने के बाद डेरिवेटिव्स मार्केट की वॉल्यूम में कोई बदलाव नहीं आता है तो सेबी आगे भी एक्शन ले सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सेबी के एक्शन से फ्यूचर्स और ऑप्शन का औसत ट्रेड साइज वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 20,000 रुपये पर पहुंच सकता है, जो कि फिलहाल 5,500 रुपये पर है। सेबी ने बीते मंगलवार को एफएंडओ के नियमों को सख्त कर दिया गया था।

बाजार नियामक द्वारा अब इंडेक्स डेरिवेटिव में कॉन्ट्रैक्ट साइज की न्यूनतम वैल्यू को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही साप्ताहिक एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज एक इंडेक्स तक सीमित कर दिया है। ऐसे में अब एक एक्सचेंज की ओर से सप्ताह में एक ही एक्सपायरी देखने को मिलेगी।

सेबी की ओर से यह कदम रिटेल निवेशकों द्वारा डेरिवेटिव सेगमेंट में लगातार किए जा रहे नुकसान के कारण लिया गया है। हाल ही में बाजार नियामक द्वारा एक स्टडी जारी की गई थी। इसमें बताया गया था कि बीते तीन वर्षों में एफएंडओ सेगमेंट में 1.10 करोड़ ट्रेडर्स को संयुक्त रूप से 1.81 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

इसमें से केवल 7 प्रतिशत ट्रेडर्स ही पैसा कमाने में सफल हुए हैं। इसके कारण बाजार से जुड़े कई लोगों ने एफएंडओ नियमों को सख्त बनाने की बात कही थी। डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स के नए नियम 20 नवंबर, 2024 से लागू हो जाएंगे।

भारतीय इक्विटी मार्केट में जनवरी-सितंबर के बीच जुटाए गए 49.2 अरब डॉलर

मुंबई । भारतीय इक्विटी कैपिटल मार्केट में लगातार तेजी बनी हुई। इसका फायदा प्राइमरी मार्केट को मिल रहा है। कंपनियों को फंड जुटाने के साथ शेयर को स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट कराने में सफलता मिल रही है। गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय इक्विटी कैपिटल मार्केट में 2024 की जनवरी से सितंबर की अवधि में रिकॉर्ड 49.2 अरब डॉलर की राशि जुटाई गई है। इसमें सालाना आधार पर 115 प्रतिशत का उछाल देखा गया है और 2020 में बने वार्षिक रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

आईपीओ की संख्या 63 प्रतिशत बढ़ी

ग्लोबल फाइनेंसियल मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर और डेटा प्रदाता कंपनी एलएसईजी के मुताबिक, इक्विटी कैपिटल मार्केट में पेश की जाने वाली ऑफरिंग (आईपीओ और एफपीओ) में सालाना आधार पर 61 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। समीक्षा अवधि में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के जरिए कंपनियों ने 9.2 अरब डॉलर की राशि जुटाई है। इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 96 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 2024 की जनवरी से सितंबर के बीच सालाना आधार पर आईपीओ की संख्या में 63 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। फॉलो-ऑन ऑफरिंग (एफपीओ) के जरिए कंपनियों ने 39.9 अरब डॉलर की राशि जुटाई है। इसमें सालाना आधार पर 119 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। एफपीओ की संख्या भी जनवरी के सितंबर की अवधि में पिछले साल की अपेक्षा 59 प्रतिशत बढ़ी है। 2024 के पहले नौ महीनों में कंपनियों द्वारा 81 प्रतिशत पूंजी एफपीओ के जरिए जुटाई गई है। आने वाले समय में भी यह ट्रेंड जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि स्विगी, हुंडई मोटर्स और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स भी भारतीय इकाई भी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस में सीनियर मैनेजर ऐलेन टैन की ओर से कहा गया कि भारती इक्विटी कैपिटल मार्केट में बढ़त की वजह ब्लॉक ट्रेड्स का बढ़ना है। 2024 के पहले नौ महीने में 23 अरब डॉलर के ब्लॉक ट्रेड्स हुए। इसमें सालाना आधार पर 78 प्रतिशत का उछाल देखा गया। रिपोर्ट में बताया गया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, रिन्यूएबल एनर्जी, हेल्थकेयर और एफएमसीजी जैसे सेक्टर में सबसे ज्यादा डील गतिविधियां देखने को मिली।

सेंसर बोर्ड में पास हुई रजनीकांत की वेट्टैयन, थलाइवा की एक्शन फिल्म को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

साउथ मेगास्टार रजनीकांत स्टारर वेट्टैयन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उनके इस उत्साह को बनाए रखने के लिए बीते सोमवार को मेकर्स ने जहां फिल्म के ट्रेलर रिलीज का एलान किया, वहीं फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी है. इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया है. लाइका प्रोडक्शन हाउस ने वेट्टैयन से रजनीकांत का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में बताया है. मेकर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हंट सर्टिफाइड है. वेट्टैयन को यू/ए स्टैम्प मिला है. एक्शन से भरपूर एक असाधारण फिल्म के लिए तैयार हो जाइए. वेट्टैयन 10 अक्टूबर को तमिल, तेलुगू, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज हो रही है. मेकर्स ने वेट्टैयन के ट्रेलर का एलान किया था. मेकर्स ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर गांधी जयंती के मौके पर रिलीज होगा. इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा है, लक्ष्य निर्धारित है. 2 अक्टूबर को वेट्टैयन का ट्रेलर रिलीज हो रहा है. शिकार को पकड़ने के लिए तैयार हो जाइए. वेट्टैयन रजनीकांत की 170वीं फिल्म भी है. लाइका प्रोडक्शंस की निर्मित फिल्म की शूटिंग चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और तिरुवनंतपुरम समेत भारत भर के कई खूबसूरत स्थानों पर की गई है. 160 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ, वेट्टैयन साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक होने वाली है. फिल्म में रजनीकांत के साथ बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

बेबी जॉन से वरुण धवन का धांसू पोस्टर आउट

सलमान खान ने शुरू की फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड स्टार वरूण धवन की अपकमिंग फिल्म बेबी जॉन है जिसे जवान के डायरेक्टर एटली निर्देशित कर रहे हैं. इस फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और मेकर्स भी फिल्म की अपडेट शेयर करते रहते हैं. अब हाल ही में फिल्म से नया धांसू पोस्टर रिलीज हुआ है जिसमें वरूण किलर लुक में नजर आ रहे हैं. वहीं मेकर्स ने फिल्म से सलमान के कैमियो के बारे में भी अपडेट शेयर की है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- बेबी जॉन की झलक, मास सिनेमा अपने बेस्ट लेवल पर. सलमान खान ने इस वीकेंड में अपना कैमियो शूट किया. वरुण धवन को एक अलग ही मास अवतार में और बेबीजॉन की 5 मिनट से अधिक की झलक देखने के लिए उत्सुक था मैंने जो देखा वह बिल्कुल शानदार है।

फर्स्ट मंडे घटी जूनियर एनटीआर की देवरा की कमाई

फिल्म वर्ल्डवाइड कलेक्शन 500 करोड़ के करीब

कोराटाला शिवा की निर्देशित फिल्म देवरा: पार्ट 1 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म को दुनियाभर के फैंस खूब प्यार मिल रहा है. जूनियर एनटीआर की फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पहले ही ट्रिपल सेंचुरी लगा चुकी है. अब वह 500 करोड़ के करीब पहुंचने के कगार पर है. जूनियर एनटीआर की फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में भारत में शानदार परफॉर्म किया. लेकिन रिलीज के पहले सोमवार को फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में बड़ी गिरावट देखी गई है . फिल्म ट्रेड पोर्टल सैकनिलक के अनुसार, सोमवार को फिल्म के भारत बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में 68.67 प्रतिशत की गिरावट देखी गई.सैकनिलक के रिपोर्ट के मुताबिक, देवरा ने ओपनिंग डे पर 82.5 करोड़ रुपए की बंपर कमाई की. लेकिन दूसरे दिन यह ग्राफ गिर गया है और फिल्म ने 38.2 करोड़ रुपए का ही बिजनेस कर पाई. फिर फिल्म ने थोड़ा सुधार करते हुए तीसरे दिन 39.9 करोड़ रुपए कमाए. वीकेंड के बाद पहले सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में 68.67 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह केवल 12.5 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इसके साथ ही, भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन चौथे दिन 173.1 करोड़ रुपये हो गया है।

खेल

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 1 अक्टूबर से रणजी चैंपियन मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। आज मैच का तीसरा दिन है। रेस्ट ऑफ इंडिया ने दो विकेट पर 100 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। रेस्ट ऑफ इंडिया का पहला विकेट 40 रन के स्कोर पर गिरा। तब कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 27 बाल पर 9 रन बनाकर मोहम्मद जुनैद की गेंद पर पृथ्वी शॉ के हाथों कैच हाउट हुए। इसके बाद टीम के 127 रन के स्कोर पर साई सुदर्शन 79 बाल पर 32 रन बनाकर तनुष कोटियान की गेंद पर LBW आउट हुए।

लखनऊ में ईरानी ट्रॉफी मैच का तीसरा दिन

रेस्ट ऑफ इंडिया के अभिमन्यु ईश्वरन ने जड़ा शतक; मुंबई ने बनाए हैं 537 रन

रेस्ट ऑफ इंडिया के बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 64 बाल पर 40 रन और दूसरे विकेट के लिए 130 बाल पर 87 रन की पार्टनरशिप की है। रेस्ट ऑफ इंडिया का तीसरा विकेट गिर चुका है। देवदत्त पडिक्कल आउट हो चुके हैं। वहीं, अभिमन्यु ईश्वरन ने शतक जड़ दिया है। 117 बाल खेल कर 102 रन बनाए हैं। 42.6 ओवर में मोहत अवस्थी की गेंद पर ईश्वर के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए गेंद विकेट कीपर के दाहिने हाथ तक गई, लेकिन विकेट कीपर मौका मिस कर गए।

मुंबई ने बनाए हैं 537 रन

इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 537 रन बनाए। सरफराज खान ने दोहरा शतक जड़ा। अजिंक्य रहाणे शतक से चूके गए। उन्होंने 97 रनों की पारी खेली। अब रेस्ट ऑफ इंडिया बल्लेबाजी कर रही है।

मैच का दूसरा दिन सरफराज के नाम रहा

दूसरे दिन मैच खत्म होने तक मुंबई की टीम ने 138 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 536 रन बनाए थे। मुंबई की तरफ से ईरानी ट्रापी के एक मैच में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड सरफराज खान ने बनाया। 276 गेंद पर 221 रन बनाकर वह नाबाद रहे। पारी में 25 चौके और 4 छक्के लगाए। 80 के स्ट्राइट रेट से रन बनाए।

यह तस्वीर ईरानी ट्रॉफी के मैच की है।

109.4 ओवर में सरफराज के हैमस्ट्रिंग में दिक्कत हुई। मैदान पर आकर फिजियो ने उन्हें स्ट्रेचिंग कराई। गेंदबाजों में मुकेश कुमार ने 28 ओवर में 109 रन देकर 4 विकेट लिए। आज के दिन भी उन्हें एक विकेट मिला। यश दयाल ने 25 ओवर में एक मेडन कर दो विकेट लिए।

सरांश जैन ने 21 ओवर में 82 रन देकर 1 विकेट लिया। प्रसिद्ध कृष्णा ने 26 ओवर में 102 रन देकर दो विकेट लिए। शम्स मुलानी 14 बॉल पर पांच रन बनाकर आउट हुए। तनुष कोटियान 124 बॉल पर 64 रन और मोहित अवस्थी बिना खाता खोले आउट हो गए।

एक नजर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी से बाबर आजम ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के जाने-माने बल्लेबाज बाबर आजम ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी कि उन्होंने पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। बाबर आजम ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूं। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को दी गई अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में इस्तीफा देने का फैसला किया है। इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। उन्होंने लिखा, कप्तानी एक पुरस्कृत अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है। पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ऊर्जा केंद्रित कर पाऊंगा।

जायसवाल और सिराज को मिला सर्वश्रेष्ठ फील्डर का खिताब

नई दिल्ली । बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को कानपुर टेस्ट में सात विकेट से शानदार जीत दर्ज करने के बाद सीरीज के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों का खिताब मिला।

बीसीसीआई डॉट टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने बताया कि जायसवाल और सिराज ने कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल को पीछे छोड़ते हुए श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ फील्डर का तमगा हासिल किया। उन्होंने कहा, इस बार हमारे पास बेस्ट फील्डर के लिए दो विजेता हैं। इस सीरीज में खिलाड़ियों ने शानदार फील्डिंग का उदाहरण पेश किया। दोनों टेस्ट मैचों में हमने कई अच्छे कैच लपके, जो वास्तव में सराहनीय है। मुझे लगाता है कि दो लोग इस पदक के हकदार थे और वह कोई और नहीं बल्कि जायसवाल और सिराज थे। सीरीज में भारत की कैचिंग बेहतरीन रही और दिलीप ने खेल के इस पहलू में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी टीम की प्रशंसा की। हालांकि रोहित को पदक नहीं मिला, लेकिन दिलीप ने उनकी फील्डिंग स्किल्स की खूब तारीफ की।

महिला टी20 विश्व कप: क्यों जीत के बाद भी बढ़ी टीम इंडिया की टेंशन?

नई दिल्ली । महिला टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के इरादे से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया यूएई में मैदान में है। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत भी अच्छी की है और वार्म-अप मैच में पहले वेस्टइंडीज और फिर दक्षिण अफ्रीका को हराया। लेकिन इस खुशी के मौके पर भी टीम थोड़ी परेशान है, और वजह है फ्लॉप टॉप ऑर्डर।

शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर टीम इंडिया की शुरुआती तीन मुख्य बल्लेबाज हैं। टूर्नामेंट में इनका बल्ला चलना टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़ी टीमों के खिलाफ टीम इंडिया पूरी तरह इन बल्लेबाजों पर निर्भर होगी। लगातार दोनों वार्म-अप मैचों में इन बल्लेबाजों का खामोश बल्ला टीम की टेंशन बढ़ा सकता है। हालांकि, गेंदबाजों और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने कमान संभाली और टीम को जीत दिलाई जरूर लेकिन खिताब जीतने के लिए इतना काफी नहीं होगा।

भारत की महिला टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। क्रिकेट फैंस को टूर्नामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि हरमनप्रीत सेना की नजर विश्व कप पर होगी। ये टीम इस खिताब से पिछली बार बेहद करीब से चूक गई थी, लेकिन उस वक्त कहीं न कहीं नॉकआउट मुकाबले का दबाव टीम इंडिया पर हावी हो गया था। मगर, इस बार यह टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

कप्तानी छोड़ने के बाद भी टीम के लीडर की भूमिका में बने रहेंगे टिम साउदी

वेलिंग्टन । टिम साउदी ने न्यूजीलैंड टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह फैसला श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद लिया है। अब टॉम लैथम न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के कप्तान होंगे। टॉम लैथम, जिन्होंने पहले 9 बार टेस्ट टीम की कप्तानी की है, अगले शुक्रवार को भारत दौरे पर साउदी सहित 15 सदस्यीय टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे।

2008 में डेब्यू के बाद से ब्लैक कैप्स के लिए 102 टेस्ट मैच खेले वाले टिम साउदी ने 382 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के लिए उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट केवल सर रिचर्ड हैडली ने लिए हैं। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2022 में केन विलियमसन के बाद कप्तानी का जिम्मा उठाया था। उन्होंने 14 टेस्ट (6 जीत, 6 हार, 2 ड्रॉ) में टीम की कप्तानी की है।

इस साल साउदी का खुद का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा, उन्होंने पिछले आठ टेस्ट में सिर्फ 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में न चुना जाए। साउदी ने कहा, इतने विशेष प्रारूप में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को पहले रखने की कोशिश की है ।

नियमित कर्मचारी और ठेका श्रमिक पस्त,नगर प्रशासन के अधिकारी भिलाई में मस्त

टाउनशिप में गंदगी फैली,ठेका श्रमिको का हो रहा शोषण, प्रबंधन अधिकारी एवं ठेकेदार में साठगांठ का लगाया आरोप

भास्कर दूत

दल्लीराजहरा – राजहरा टाउनशिप की समस्याओं के समाधान को लेकर राजहरा खदान समूह के सभी यूनियनो ने एक साथ सुबह 6 बजे से टाउनशिप में हल्ला बोला और राजहरा टाउनशिप में कार्यरत ठेका श्रमिकों और नियमित कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए नगर प्रशासन विभाग पहुंचे मगर बहुत ही खेदजनक बात है कि पूर्व से सूचना देने के बाद भी नगर प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मंगेश सेलकर कार्यलय में उपस्थित नहीं थे ऐसी कथित जानकारी मिली है कि मंगेश सेलकर भिलाई से आना जाना करते हैं वो स्वयं राजहरा में रहते नहीं है जिसके कारण राजहरा टाउनशिप में भ्रष्टाचार और समस्याओं का अंबार लग गया है और नगर प्रशासन विभाग के मंगेश सेलकर इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए कितना गंभीर है वो इस बात से पता चलता है कि जब सभी यूनियनो ने स्पष्ट रूप से बता दिया था कि आज नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में सभी यूनियनो के पदाधिकारी और राजहरा टाउनशिप के ठेका श्रमिकों की उपस्थिति में टाउनशिप के सभी ठेकों को बंद कर दिया गया है और इसके लिए पूरी तरह से बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार है जबकि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य महाप्रबंधक खदान और नगर प्रशासन अधिकारी के साथ बातचीत और बैठक भी हुई थी मगर बीएसपी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारीयों ने ईस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया और दूसरी ओर टाउनशिप के ठेकेदारों को राजहरा टाउनशिप के अधिकारी ने खुली छूट दी हुई है जिसका परिणाम है कि आज राजहरा टाउनशिप के सभी ठेकों में किसी भी नियम शर्तों का पालन नहीं हो रहा है और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ठेकेदार के साथ सांठ-गांठ कर ये अधिकारी कंपनी को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण राजहरा टाउनशिप के वाटर सप्लाई के ठेके में ठेकेदार को रोज 14 श्रमिक देना मगर ठेकेदार द्वारा रोज मात्र 10 श्रमिक दिया जा रहा है मगर उसके बाद भी नगर प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मंगेश सेलकर द्वारा ठेकेदार का पेनेल्टी नहीं काटा जा रहा है और ठेकेदार को फायदा पहुंचाया जा रहा है और कंपनी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है अब यह जांच का विषय है कि पेनेल्टी नहीं काटने के बदले नगर प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को ठेकेदार द्वारा क्या दिया जा रहा है। दूसरी तरफ आज राजहरा टाउनशिप की स्थिति किसी से भी छुपा नहीं है पूरा टाउनशिप गंदगी से भरा पड़ा है साफ-सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है अभी नगर में श्री दुर्गा पूजा का आयोजन कल से शुरू हो जायेगा मगर उसके बाद भी नगर प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मंगेश सेलकर द्वारा नगर की साफ सफाई की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। और दूसरी ओर टाउनशिप में कार्यरत सभी ठेका श्रमिकों को किसी को भी गेटपास, पेमेंट स्लीप, ड्यूटी चार्ट, सुरक्षा समाग्री, नियमित वेतन, बोनस कुछ भी नहीं दिया जा रहा है मगर नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी भिलाई में मस्त हैं जबकि राजहरा टाउनशिप में 24 घंटे उनको उपस्थित रहना है यहां निवास करना है मगर मंगेश सेलकर भिलाई से देर से कार्यलय पहुंचते हैं और समय पूर्व भिलाई चलें जातें हैं और यह भी शिकायत मिली है कि मंगेश सेलकर कर्मचारियों और नगरवासियों से मिलने के लिए कोताही बरतते हैं और दूसरी ओर ठेकेदारों के लिए किसी भी प्रकार नियमावली नहीं है जबकि ईसके पूर्व जो नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी थे वो सभी नियमित कर्मचारियों और नगरवासियों के साथ आदर और सम्मान के साथ मिलते थे और उनकी समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी करते थे मगर आज वर्तमान नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी से सभी प्रताडित है और सबसे बड़ी लापरवाही यह भी है कि जब प्रबंधन को जानकारी थी कि ईन सभी समस्याओं को लेकर हड़ताल हो सकता है तो प्रबंधन को श्रमिकों से बातचीत कर समस्याओं का समाधान करना था मगर प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों का नुकसान हो रहा है। और ईसके लिए पूरी तरह से नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार है इसका एक कारण यह भी नजर आता है कि राजहरा टाउनशिप में डीजीएम रेंक के अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है जबकि राजहरा खदान समूह में ही महाप्रबंधक पद के बहुत से अधिकारी हैं जो ईस जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभा सकते हैं और साथ ही वह राजहरा में निवासरत भी है अब प्रबंधन को ईस ओर भी ध्यान देना होगा उक्त जानकारी समस्त यूनियन राजहरा खदान समूह राजहरा ने दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना

डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चलाया गया सफाई अभियान

भास्कर दूत

देवभोगजेड- डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रांगण और गोद ग्राम मुंगझर के गांधी चौक में साफ़ सफ़ाई किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुवात प्राचार्या सुमिता सिंह द्वारा गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया, प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी स्वयं अपना सारा काम करते थे,उसी प्रकार हम सब को स्वयं अपना काम करना चाहिए तथा ये ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा गंदगी नहीं फैलानी चाहिए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर दूसरो को जागरुक करने की भावना स्वयं सेवकों को प्रेरित किया तत्पश्चात रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार साहू के नेतृत्व द्वारा शिक्षक झजकेतन सोनी ने सभी शिक्षकों, छात्र छात्राओं को स्वच्छता का संदेश देते हुए शपथ दिलाई गई द्य विद्यार्थियो द्वारा विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की गई उसके बाद गोद ग्राम मुंगझर के गांधी चौक पर साफ सफाई की बात और लोगो को प्रेरित किया कि वे भी साफ सफाई के प्रति सजग रहे और अपने आसपास कूड़ा करकट न फेकने का संदेश दिया ।

गुंडरदेही नए थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने किया पदभार ग्रहण

भास्कर दूत

गुंडरदेही थाना प्रभारी वीणा यादव को डौंडी थाने का मिला दायित्व

गुंडरदेही। कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए पुलिस अधीक्षक एस आर भगत द्वारा जिले के विभिन्न थाना प्रभारीयो का तबादला किया गया। तबादले की इस सूची में डौंडी थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल का नाम भी शामिल था। लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल डौंडी थाना में करीबन 14 महीने तक वहा अपनी सेवा दिए। अब उन्हें नए दायित्व के साथ गुंडरदेही थाने में थाना प्रभारी के रूप में उनका तबादला किया गया। जिन्होंने आज अपना प्रभार संभाला। जायसवाल तेज तर्रार थाना प्रभारी माने जाते है।

गुंडरदेही थाना प्रभारी वीणा यादव अब डौंडी थाने का प्रभार संभालेंगी। जिन्हे गुंडरदेही थाना स्टाप द्वारा सह सम्मान उन्हें विदाई दिया गया। बता दे की वीना यादव तेज तर्रार थाना प्रभारी के रूप में जाने जाति है। उनके रहते अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भय देखने को मिलता था।

स्वच्छता हमारी दिनचर्या व जीवनशैली का अभिन्न अंग - उद्योग मंत्री

कोरबा । प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि स्वच्छता हमारी दिनचर्या व जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग हैं, हमें स्वच्छता को अपनी आदत, अपने संस्कार व अपनी हर गतिविधि में शामिल करना होगा। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार है कि उन्होने स्वच्छता की बयार देश के कोने-कोने तक पहुंचाई और आज स्वच्छता की गूंज शहर-शहर, गांव-गांव में गुंजायमान हो रही है, लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं, स्वच्छता को अपनी जीवनशैली में शामिल कर रहे हैं। उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने '' स्वच्छता ही सेवा अभियान '' अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं, स्वच्छता पखवाड़े के समापन कार्यक्रम के दौरान कही।

संक्षिप्त समाचार

मध्याह्न भोजन बनाने वालों को दें शीघ्र वेतन

बालोद। मध्यान्ह भोजन वितरण करने वाली महिला संचालको को विगत तीन माह से राशि भुगतान नहीं हुआ है। इन्हें अतिशीघ्र भुगतान करने की मांग को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रा) समर्थन मंगा गया।

जिसमे लोक जनशक्ति पार्टी रा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तोमन लाल साहू की अगवाई में प्रदेश महासचिव मुकेश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती हेमा वर्मा जी, जिला अध्यक्ष बालोद बुधराम साहू जी , महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति साहू, लोक जनशक्ति पार्टी रा की की ओर से पूर्ण समर्थन दिया। कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौपा गया।

मां शाकंभरी मरार पटेल महिला जन कल्याण सोसाइटी के नाम पर जमीन उपलब्ध कराने की मांग

बालोद। मां शाकंभरी मरार पटेल महिला जन कल्याण सोसाइटी के नाम पर जमीन उपलब्ध करवाने बावत आवेदन देने के लिए दुर्ग के जिलाधीश महोदया जी को भिलाई जिला दुर्ग की मातृ शक्तियों महिला मंडल द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम के तहत दुर्ग कलेक्टर ऑफिस में संस्था के पदाधिकारीयों का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर कार्यालय दुर्ग ,भिलाई मे सामाजिक गतिविधियों की संचालन/छात्रावास हेतु 12000 वर्ग फिट जमीन की मांग हेतु जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में मानद्य अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविंद एक्का जी को ज्ञापन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल,सचिव श्रीमती डीकेश्वरी पटेल, सहसचिव श्रीमती हेमलता पटेल ,प्रचार सचिव श्रीमती सरोज पटेल ,साथ में सहयोगी के रूप में मरार पटेल महासंग के आडीटर श्री बिन्दूराम पटेल जी,छ.ग.मरार पटेल के उपाध्यक्ष श्री खेलू राम पटेल जी,छत्तीसगढ़ मरार पटेल कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी श्री नरसिंग पटेल प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित रहे। सचिव श्रीमती डीकेश्वरी पटेल मां शाकंभरी मरार पटेल महिला जन कल्याण सोसाइटी भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़।

धान खरीदी 1 नवंबर से की जाए - संजय चंद्राकर

बालोद। जिले के बालोद विकासखंड के किसान नेता संजय चंद्राकर ने धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने बताया किसान अर्ली वैरायटी के धान अब ज्यादा लेने लगे हैं और धान की कटाई अक्टूबर में हो जाएगी। पूर्व की भूपेश सरकार ने 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की थी और पूरी खरीदी सुचारू रूप से हुई थी। किसानों को टोकन की भी मारामारी नहीं हुई थी ऐसी स्थिति को देखते हुए पुन: 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जाए। उन्होंने कहा 15 नवंबर से धान खरीदी करने पर टोकन की मारामारी हो जाती है और किसान बड़ी संख्या में सोसाइटी पहुंचकर अपना धान बेचना चाहते हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए इस बार धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू की जाए ताकि किसानों को सुविधा हो।

3100रु में होगी धान खरीदी

राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर इस बार किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रुपए पर धान खरीदी करेगी, लेकिन किसानों का कहना है केंद्र सरकार ने 117 रुपया समर्थन मूल्य में और वृद्धि की है। उस हिसाब से किसानों को 3217 रुपए धान का दाम मिलना चाहिए।

अर्ली वैरायटी धान पककर तैयार

संजय चंद्राकर ने आगे कहा कि बालोद जिले में अनेक किसानों ने अर्ली वैरायटी के धान की फसल ली है। धान की फसल पकने के कगार पर है। आने वाले 15 दिनों में अर्ली वैरायटी के धान की कटाई भी शुरू हो जाएगी। इसलिए खरीदी 1 नवंबर से ही की जाए।

अच्छे भाव और प्रेम बाटेंगे तो निश्चित ही आपके साथ भी सब अच्छा होगा

भास्कर दूत

बालोद। सहजानंद चातुर्मास में प्रवचन श्रृंखला के पांचवें दिन महावीर भवन में विराजित परम पूज्य श्री ऋषभ सागर जी ने लोगों को आपस में प्रेम बांटने की नसीहत दी और यह भी कहा कि आप अगर किसी के भीतर कोई गलतियां ढूंढ रहे हैं या उन्हें गलत समझते हैं तो सबसे पहले अपने भीतर झांक कर देखिए की क्या आप में तो वह गलतियां नहीं है। पहले सुधार खुद से करिए। फिर आसपास का वातावरण और रिश्ते अपने आप सुधर जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वाध्याय सत्संग के माध्यम से हम यह सोचने का प्रयास कर रहे कि हमारे जीवन में क्या बदलाव हो और हमारा जीवन कैसा हो । जीवन तो कीड़े मकोड़ों का भी होता है और महापुरुषों का भी होता है। लेकिन इसमें अंतर क्या है,एक को अंतर पता था इसलिए वे अच्छे से जी पाए पर जो समझ नहीं पाए वह अपने जीवन को कीड़े मकोड़े की तरह बर्बाद कर देते हैं। हम भी जीवन जीते हैं कैसे रिश्ते जुड़ते हैं। केवल चेतन नहीं जड़ से भी रिश्ता है। रिश्तो का साथ हम कैसे देखते हैं वही हमारे जीवन का आधार बनता है। हम देखें कि दूसरों के साथ हमारा व्यवहार कैसा है। यदि हमारा व्यवहार और सोच बुरी है तो सब बुरा है। अपने आसपास के लोगों के साथ अच्छा रिश्ता जोड़ उनके बारे में अच्छा सोचे, बोले और सुने। जब व्यक्ति बुरा देखना, सुनना, बोलना बंद कर देता है और अच्छी भावना की धारा बहाता है तो आगे वाले के मन में वहीं भाव बहना शुरू हो जाते है। जो आप मानोगे, सोचेंगे वैसे आप बन जाओगे। अगर हम हमारे जीवन को अच्छा बनाना चाहते है तो हम सबके साथ अच्छा भाव बनाएं। जैसे हम गांधी जी की तस्वीर देखते हैं हमारे मन में भी अच्छे भाव आते हैं, उनके जिस गुण से हम प्रभावित है वही विचार हमारे जेहन में तत्काल आ जाता है तस्वीर भावनाओं को काफी प्रभावित करते हैं। मंगल भावना से खुद को भरकर जब-जब आप मंगल करोगे तो किसी के प्रति अमंगल करना छोड़ देंगे। भाव बुरा हो तो मीठा रसगुल्ला भी कड़वा लगता है और मन में प्रेम है तो कड़वा भी मीठा लगता है। यह सिर्फ उन भावनाओं का कमाल है। जब तुम किसी के प्रति मंगल की भावना करोगे तो सामने वाले के मन में भी मंगल की भावना आ ही जायेगी। वह भी जाने अनजाने तुम्हारे प्रति मंगल के ही भाव सोचेगा। हम जब एक दूसरे को राम-राम या जय जिनेंद्र बोलते हैं तो हम सामने वालों को भी एक जाने अनजाने में ही सही भगवान का स्मरण करने का मौका दे देते हैं। मन जल्दी झुकने को राजी नहीं होता और जो सही में झुकता है वह किसी के बारे में गलत नहीं सोच सकता। जो अकड़ है वही गलत सोच पैदा करती है। जब हम अच्छी भावना बांटते हैं तो हमारी अच्छी चीज भी बाहर आ जाती है। जब हम बुरे लोगों के बीच जीते हैं तो बुरी भावनाएं बाहर आ जाती है। जो नहीं करने की सोचते हैं वह भी कर देते हैं और अच्छा हिस्सा दब जाता है। हृदय से नमस्कार कर आगे वालों को मानो कि वह भगवान है। सभी आत्माएं भगवान हैं। सभी को समझइए कि वे सभी भविष्य के भगवान हैं। हममें किसी के प्रति दुर्भावना तब आती है जब हमें भगवान नहीं दिखते, हमें शैतान दिखता है। इसलिए हमें अपनी दृष्टि पर काम करना है । हमें दूसरों के लिए नहीं खुद के लिए करना है। मुझे आंखों से भी किसी के बारे में बुरा नहीं सोचना है। जगत एक दर्पण है हम जैसा सोचते हैं वैसे ही बाहर हमें दिखाई देता है।

युवा बीजेपी नेता आयुष शर्मा ने सदस्यता अभियान को लेकर की अनूठी पहल

अपने जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित कर अभियान को दी गति

भास्कर दूत

साजा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सम्पूर्ण देश को 2 अक्टूबर गांधी जयंती अवसर को स्वच्छता दिवस के रूप में अभियान बना दिया है,साथ ही वर्तमान में बीजेपी के सदस्यता अभियान को लेकर पूरे देश में माहौल बना हुआ है,इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के साजा नगर में बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष आयुष शर्मा ने पार्टी की सदस्यता अभियान के लिए अनूठी पहल करते हुए बेहद खास तरीके से अपना जन्मदिवस मनाया।

नई टीम बना रही बीजेपी,जन्मदिन में युवा नेता ने दिया संदेश

भारतीय जनता पार्टी ने समूचे राष्ट्र में पुरानी सदस्यता को रद्द कर नए सदस्य बनाने की मुहिम छेड़ी है इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और संगठन महामंत्रियों ने इस अभियान को गति देने के लिए अभियान चलाया हुआ है। सांसद के साथ विधायक एवं संगठन प्रमुखों ने भी सदस्यता अभियान के क्रम को जारी रखा है लेकिन बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष आयुष शर्मा ने अनूठी पहल करते हुए बकायदा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुखों की उपस्थिति को सुनिश्चित करते हुए अपने जन्मदिन पर सदस्यता अभियान के लिए एक बड़े आयोजन के तहत सैकड़ों युवाओ के साथ बुजुर्गों एवं महिला कार्यकर्ताओं की भीड़ में एक अलग अंदाज में जन्मदिन आयोजन को संपन्न किया।

अपने जन्मदिन पर युवा नेता आयुष शर्मा ने लोगो से देश को विकास और उन्नति के शिखर में पहुंचाने वाली बीजेपी पार्टी के सदस्य बनने के लिए अपील किया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बीजेपी देश का पहला राजनीतिक दल है जिसमे लोग करोड़ों की तादाद में बीजेपी के सदस्य बनने को उत्साहित है। सदस्यता अभियान के लिए विधायक ईश्वर साहू तथा दुर्ग सांसद विजय बघेल की आई डी से सदस्य बनने की बात कही,आयुष शर्मा ने अपने जन्मदिन के आयोजित कार्यक्रम स्थल में बाहर टेंट लगाकर सदस्यता अभियान को गति दी गई।

बधाई संदेश देने लगा रहा तांता

आयुष शर्मा को जन्मदिन पर बधाई देने के लिए अंबेडकर भवन में दिन भर तांता लगा रहा, इसमें मुख्य रूप से आयुष के मार्गदर्शक,पिता और वरिष्ठ बीजेपी नेता मूलचंद शर्मा के साथ साजा विधायक ईश्वर साहू,छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय,साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना,बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल,बीजेपी जिलाअध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,जिला पंचायत सभापति गोवेन्द्र गुड्डा पटेल,दुर्ग जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र साहू,वरिष्ठ बीजेपी नेता नथमल कोठरी,मंडल अध्यक्ष बल्लू साहू,बीजेपी महामंत्री बिसरू साहू, किसान नेता ईश्वर पटेल,साहू समाज के मुख्य प्रतिनिधि रामकुमार साहू, राजपूत समाज के प्रतिनिधि जयसिंह राजपूत,ज्वाला सिंह राजपूत,बीजेपी युवा मोर्चा के जिलाअध्यक्ष परमेश्वर वर्मा,प्रेमलाल वर्मा ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि सुरेंद्र शर्मा,अजय शर्मा,मनोहर सोनी सहित दुर्ग धमधा, बेमेतरा,थान खमरिया,कवर्धा,नवागढ़ और बेरला कार्यकर्ताओ की भीड़ रही इसके अलावा प्रवीण शर्मा,बबलू साहू,राहुल दुबे,नारद साहू, सोभा साहू,हिमाशू वर्मा,अनिल यादव,संजू खरे,पंकज राजपूत,रजवन यादव,सनत साहू,आशीष वर्मा,तोरण निषाद,चिंटू साहू,आकाश वर्मा,गजेंद्र निर्मलकर के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

बिंदेश्वरी बघेल पार्क भरदा(टटेंगा) मे गरबा नृत्य आज से, 12 अक्टूबर तक होगा आयोजन

भास्कर दूत

बालोद। जिले के लोहारा ब्लाक के ग्राम भरदा(टटेंगा) जनपद सदस्य राजेश साहू द्वारा बिंदेश्वरी बघेल पार्क मे 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक शाम 7 बजे से 10 बजे तक गरबा नृत्य का आयोजन रखा गया है। इसमें आकर्षक इनाम भी रखे हुए हैं। गरबा नृत्य मे भाग लेने वाले प्रतिभागी के लिए आकर्षक इनाम भी रखा गया है। जनपद सदस्य राजेश साहू ने कहा कि इस आयोजन में सभी भक्त जन शामिल हो सकते हैं। गरबा एक पारंपरिक भारतीय लोक नृत्य गरबा पश्चिमी भारतीय राज्य गुजरात का एक नृत्य रूप है, जिसे हिंदू देवी दुर्गा के सम्मान में किया जाता है। हालाँकि गरबा मुख्य रूप से नवरात्रि उत्सव के लिए एक कार्यक्रम है, लेकिन यह आनंदमय लोक नृत्य गुजरात में लगभग हर विशेष अवसर पर एक पवित्र परंपरा के रूप में किया जाता है।

गरबा नृत्य का मुख्य उद्देश्य देवी दुर्गा की पूजा करना है। इसे देवी के गर्भ में छिपी ऊर्जा और शक्ति को प्रकट करने का माध्यम माना जाता है। गरबा का गोलाकार स्वरूप ब्रह्मांड के निरंतर चलने वाले चक्र को दर्शाता है, जो जीवन और मृत्यु के चक्र का प्रतीक होता है। गरबा एक पारंपरिक नृत्य शैली है जिसकी उत्पत्ति गुजरात में हुई थी। गरबा का इतिहास सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में गहराई से निहित है और यह सदियों से विकसित हुआ है। गरबा की जड़ें प्राचीन हैं और माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति देवी दुर्गा के अवतार हिंदू देवी अंबा या अंबिका के सम्मान में एक भक्ति नृत्य के रूप में हुई थी।

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024

राजनंदगांव(भास्कर दूत)। शारदीय नवरात्रि पर्व का श्री गणेश आज हो गया। सुबह से रात तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मूर्तिकारों के डेरों से ऑर्डर से तैयार मां दुर्गा, काली व सरस्वती की प्रतिमाओं को दुर्गा उत्सव समितियों- मंडलों द्वारा बाजे गाजे के साथ पंडाल तक ले जाया गया। विधि विधान से मूर्ति स्थापना का दौर रात तक चला। इसी के साथ माता के दरबारों में घट स्थापना भी की गई है।

बड़े आंदोलन की तैयारी में नक्सल पीड़ित

गृह मंत्री के निवास के सामने अनशन पर बैठे परिवारों को मना लिया गया था

भास्कर दूत

राजनांदगांव। जिले सहित प्रदेश भर के नक्सल पीड़ित परिवार सरकार से अपनी मांगों को लेकर दो अक्टूबर गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर पूर्व घोषणा के अनुसार आमरण अनशन शुरू कर दिए थे, लेकिन उन्हें किसी तरह मना बुझा लिया गया। अब प्रदेश भर के नक्सल पीड़ित परिवार मांग पूरी होने के लिए मुश्किल से एक महीना इंतजार करेंगे। सभी मांगें पूरी नहीं की गई तो दीपावली मनाने के बाद बडो आंदोलन की तैयारी की जा रही है।

जिले के नक्सल पीड़ित परिवारों ने बताया कि जिला विभाजन के बाद राजनांदगांव जिले में लगभग 20 नक्सल पीड़ित परिवार रह रहे हैं। मोहला-मानपुर-चौकी जिले में करीब 95 और सात-आठ परिवार खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में निवासरत हैं। समूचे छत्तीसगढ़ में करीब 10000 नक्सल पीड़ित परिवार शासन से नक्सली पुनर्वास नीति में सुधार संबंधी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलित हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस की सरकार थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह नक्सल पीड़ित परिवारों के हित में भूपेश सरकार पर हमलावर हुए थे, लेकिन अब उनकी ही पार्टी की सरकार आ गई है और स्वयं विधानसभा अध्यक्ष हैं, तब नक्सल पीड़ित परिवारों की मांगों को पूरा नहीं कर रहे हैं।

इस संबंध में डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेंदरी निवासी नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य धीरेंद्र कुमार साहू बताया कि माओवादियों या नक्सलियों से पीड़ित प्रदेश भर के 100 से अधिक परिवार दो अक्टूबर को गृह मंत्री के निवास के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिए थे, लेकिन गृह मंत्री ने अधिकारियों को फोन किया, तब पुलिस और सिविल के अधिकारियों ने उन्हें उनकी मांगों को लेकर केंद्र सरकार से अवगत करा चुके होने संबंधी पत्र दिखाया और कहा कि एक माह के अंदर उनकी मांग पूरी कर दी जाएगी। परिवारों के बच्चों को पहले से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई के लिए प्रयास विद्यालय में प्राथमिकता से प्रवेश मिलना चाहिए। नक्सल पीड़ित परिवारों को पेंशन दिए जाने की भी मांग प्रमुखता से की गई। नक्सली घटना में सामान्य रूप से घायल हुए रहे व्यक्ति को 5 से 6 हजार और गंभीर रूप से घायल हुए रहे व्यक्ति को 8000 से 10000 रुपए प्रतिमाह दिए जाने की मांग की जा रही है। साथ ही नक्सली घटना में मारे गए व्यक्ति को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद का दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद आज तक शहीद होने का प्रमाण पत्र मृतकों के परिजनों को नहीं मिला है। जब नक्सली घटना में मारे गए व्यक्तियों को शहीद घोषित कर ही दिया गया है तो उनके परिवारों को इस नाम का पेंशन भी मिलना चाहिए।

श्री साहू ने बताया कि आमरण अनशन पर बैठे होने के दौरान प्रदेश भर में 10000 प्रधानमंत्री आवास नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए स्वीकृत करने संबंधी चर्चा शासन प्रशासन के लोगों से हुई है, जिसमें शासन प्रशासन के अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने केंद्र सरकार को 15000 प्रधानमंत्री आवास के लिए लिखा है। श्री साहू ने बताया कि यह प्रमुख मांग पूरी करने के लिए एक महीना का समय दिया गया है। अब देखना है कि मांग पूरी करते हैं या नहीं फिर बड़ा आंदोलन किया जाएगा?

इसी मुद्दे पर डॉ. रमन ने भूपेश सरकार को घेरा था

नक्सल पीड़ित परिवारों ने यह भी बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने विपक्ष में रहने के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार को नक्सल पीड़ित परिवारों के हित में घेरते हुए जमकर कोसा था लेकिन आज स्वयं उनकी सरकार नक्सल पीडति परिवारों से किए गए वादे पूरे नहीं कर रही है। उन्होंने कहा था कि नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को उनकी योग्यता के अनुसार शासकीय नौकरी देंगे, लेकिन योग्यता के अनुसार नहीं दे रही है, जबकि नक्सल पीड़ित परिवारों में बीटेक, एमटेक जैसे उच्च शिक्षित बेरोजगार 10 प्रतिशत ही होंगे। उन्होंने डॉ. रमन सिंह से सत्ता सरकार होने के चलते नक्सल पीड़ित परिवारों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए पूरी करने की मांग की है।

पुलिस ने गुम लड़की को खोज निकाला

मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

भास्कर दूत

राजनांदगांव। जिले के डोंगरगढ़ थाना और मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र की रहने वाली एक 17 साल की लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता द्वारा लिखाने के बावजूद खोजबीन हेतु कोई प्रयास नहीं होते देख पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को आवेदन दिया था, जिसका असर यह हुआ कि पुलिस ने लडकी को आरोपी युवक के साथ महाराष्ट्र में धरदबोचा। लड़की को मुलाहिजे के लिए डोंगरगढ़ ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार उक्त नाबालिग लड़की 18 सितंबर सुबह 10.30 बजे अपने चाचा के घर जाना बता कर निकली थी। डेढ़ घंटा बाद उसके पिता ने अपने छोटे भाई के घर जाकर पता किया तो उनकी पुत्री वहां नहीं मिली। फिर सगे संबंधियों के घर भी पता लगाया, लेकिन कहीं नहीं मिली। इससे परिवार की चिंता बढ़ती गई। अनहोनी की आशंका पर मोहारा पुलिस चौकी में रिपोर्ट लिखाई गई, लेकिन पुलिस उनकी खोजबीन के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा था। तब लड़की के पिता ने एसडीओपी डोंगरगढ़, जिला पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक को तीन दिन पहले लिखित शिकायत की। इसके बाद चौकी और थाना पुलिस हरकत में आई और अब पुलिस ने लड़की को ढूंढ निकाला है।

मोहारा पुलिस का कहना है कि लड़की कआज दोपहर एक 1.30 बजे बस में सफर करते गोंदिया के पास मिली है। लड़की के मिलने की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। उसे मुलाहिजे के लिए डोंगरगढ़ भेजा गया है। साथ में 21 वर्षीय आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। आरोपी युवक उस नाबालिग लड़की का सजातीय है।

विधायक का गैरजिम्मेदाराना जवाब- वर्मा

इस बारे में भाजपा नेता भरत वर्मा ने बताया कि पीड़ित लड़की के पिता अपनी बेटी के लापता होने के बाद क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू के पास गए थे, जहां उन्होंने अपनी बेटी की खोजबीन और वापसी के लिए जरूरी प्रयास कराने का निवेदन किया, किंतु विधायक ने पीड़ित पिता को ऐसा जवाब दिया कि वह भी सुनकर सन्न रह गया। श्री वर्मा के अनुसार विधायक ने लड़की के पिता से दो टूक कह दिया कि यदि तुम अपनी बेटी को उस लडके के हवाले करोगे तो तुम्हारी लापता बेटी तीन दिनों के भीतर मिल जाएगी। इस तरह न्याय की गुहार लगाने गए पिता को विधायक के इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान से और भी ठेस पहुंची। उसके बाद पीड़ित ने भरत वर्मा को पूरी बात बताई, जिस पर उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस के बड़े अधिकारियों से करने का सुझाव दिया और इस तरह उच्चाधिकारियों से शिकायत के तीन दिनों के भीतर ही पुलिस ने नाबालिग लड़की को उसके अपहरणकर्ता युवक के साथ खोज निकाला।

बालिका का अपहरणकर्ता महाराष्ट्र में पकड़ा गया

राजनांदगांव(भास्कर दूत)।। छुरिया क्षेत्र से अपहृत नाबालिक लड़की को पुलिस ने रामगढ़ थाना पुराडा महाराष्ट्र से आरोपी के कब्जे से बरामद कर लिया है। अपहरण व बलात्कार के आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण के प्रार्थी द्वारा 30 सितंबर को थाना छुरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग लडकी उम्र 15 साल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरिया संतोष कुमार भूआर्य के नेतृत्व में अपहृत नाबालिक बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। उस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिक को थाना पुराडा महाराष्ट्र क्षेत्र में रखा हुआ है। इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल टीम रवाना की गई और बालिका को आरोपी लोकेश उम्र 19 साल निवासी बालोद के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नाबालिक बालिका को वैध संरक्षण से भगाकर ले जाने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने पर प्रकरण में धारा 65 (1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भूआर्य, सउनि सत्तू लाल कंवर, आरक्षक अश्वन वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, महिला आरक्षक कुसुम एक्का की भूमिका रही।

जबलपुर से आकर नांदगांव में चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव(भास्कर दूत)। जबलपुर से शहर में आकर किराए के मकान में रहकर सूने मकानों की रेकी कर रेवाडीह में चोरी करने वाले आरोपियों को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी के सोने-चांदी के जेवरात को बरामद किया है। 50 से 60 सीसीटीवी फुटेज को देखन के बाद आरोपियों की पहचान करने में सफलता मिली। वारदात को तीन लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी नंदूराम साहू निवासी रेवाडीह ने लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 24 सितंबर को सुबह 11.30 बजे अपने घर पर ताला बंद कर सपरिवार ग्राम मनेरी में पारिवारिक कार्य से गया था। 28 सितंबर की शाम 6.30 बजे वापस आने पर घर का ताला टूटा मिला। कमरे के भीतर जाने पर सामान अस्त-व्यस्त मिले। आलमारी को चाबी से खोलकर उसमें रखे नगदी रकम 2,40,000 रूपए एवं सोने की चार अंगूठी, दो मंगलसूत्र, कान का दो सेट खिनवा टॉप व झुमका, चांदी का करधन दो सेट, पैर पट्टी दो सेट, चांदी का सिक्का आठ नग कुल सोना करीबन 7.5 तोला व चादी करीब 80 तोला तथा एक नग निकॉन कंपनी का कैमरा कीमती 5000 रूपए को अज्ञात चोर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4),305(ए) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। सायबर सेल एवं थाना की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर तत्काल डाग स्कॉट के द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन एवं एफएसएल राजनांदगांव व फिंगर प्रिंट रायपुर की टीम से घटना स्थल का निरीक्षण कराकर व फिंगर प्रिंट संकलित कर साक्ष्य संकलन किया गया। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के लगभग 50 से 60 सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा गया, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपीगण मध्यप्रदेश के जबलपुर से यहां आकर इस्कान सिटी रेवाडीह के अटल आवास में किराये पर मकान लेकर रहने का पता चला, जो चोरी की घटना को अंजाम देकर तत्काल फरार हो गए थे। आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल थाना एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम जबलपुर रवाना की गई, जहां मुखबीर लगाकर लगातार दो दिनों तक पतासाजी की गई। आरोपियों को पुलिस के आने की भनक लगने पर वहां से वापस राजनांदगांव आकर छुप गये, जिन्हें मुखबीर की सूचना पर इस्कान सिटी रेवाडीह में पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं- आकाश चौधरी पिता नेतराम चौधरी उम्र 24 वर्ष, सौरभ चौधरी पिता दशरथ चौधरी उम्र 23 वर्ष और हिमांशु चौधरी उर्फ अमन चौधरी उम्र 19 वर्ष तीनों निवासी रांझी पुरानी बस्ती झण्डा चौक रांझी थाना रांझी जिला जबलपुर म.प्र.। कड़ाई से पूछताछ करने पर इस्कान सिटी रोड रेवाडीह में एक घर में नगद और सोने चांदी के जेवर चोरी करना स्वीकार किया, जिसे स्टाफ के साथ तीनों संदेहियों को पकड?र लाया गया। आरोपियों ने चोरी किए गए मशरूका को बंटवारा कर अपने-अपने पास रखना बताए। उनके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व नगदी रकम तथा अन्य सामान को बरामद किया गया। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, उप निरीक्षक हृदयशंकर पटेल, गीतांजलि सिन्हा, सउनि राजू मेश्राम, बेरवंशी, आरक्षक राकेश ध्रुर्वे एवं सायबर सेल से निरीक्षक विनय पम्मार, प्रधान आरक्षक अनित शुक्ला, आरक्षक मनीष वर्मा, आदित्य सिंह, हेमंत साहू शामिल रहे।

रेवाडीह में सूने मकान से चोरी का पर्दाफाश

महिला से छेड़छाड़ कर परिवार को मारने की धमकी, आरोपी अंदर

भास्कर दूत

राजनांदगांव। लालबाग थाना क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ व रिपोर्ट लिखाने पर पीड़िता के पति व परिवार को हथियार लेकर दौड़ाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी आदतन अपराधी है, जो पूर्व में भी जेल जा चुका है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया ने लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुलशन देवांगन प्रार्थिया को बहुत प्यार करता हूं, कहकर बुरी नियत से हाथ-बांह पकड?र मुझसे इसी तरह मिल, अपने पति की मत बताना कहकर गंदी-गंदी बात करने लगा, तब प्रार्थिया जाने लगी। आरोपी द्वारा तुम किसी को कुछ नहीं बताओगे, कहकर परिवार वालों का कसम देने लगा।

इस घटना के बारे में प्रार्थिया ने अपने परिवार वालों को बताई तो प्रार्थिया के पति द्वारा गुलशन को फोन कर घर बुलाने पर वह फरसा लेकर घर आया और प्रार्थिया के परिवार वालों को फरसा लेकर जान से मारने के लिए दौड़ाने लगा, जिसे प्रार्थिया व उसकी सास ने बीचबचाव किया, तब आरोपी गुलशन द्वारा थाना में रिपोर्ट लिखाओगे तो तुम्हारे पति एवं परिवार को जान से मार दूंगा, कहकर धमकी देने लगा। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रं. 444/2024 धारा 74, 75, 351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी गुलशन देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त फरसा को जब्त कर प्रकरण में धारा 25.27 आम्र्स एक्ट जोड़ा गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

प्रवास बघेल फिर नांदगांव डीईओ

राजनांदगांव। डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम आलीवारा की स्कूली छात्रा को जेल भिजवाने की धमकी देने वाले जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को हटाने के बाद कुछ सप्ताह से सहायक जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य खरे जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार संभाल रहे थे। अब शासन द्वारा आज जारी आदेश के तहत संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में पदस्थ सहायक संचालक प्रवास बघेल राजनांदगांव में प्रभारी डीईओ होंगे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
मो.9406011669

नायब तहसीलदार के सामने महिला पटवारी को वकील ने किया जलील

राजनांदगांव(भास्कर दूत)। खैरागढ़ जिले के गंडई नगर में पदस्थ एक महिला पटवारी के साथ एक अधिवक्ता द्वारा अश्लील गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गंडई की पटवारी हल्का नं. 14 की पटवारी शिवानी मिश्रा ने गंडई पुलिस से शिकायत में बताया है कि 30 सितंबर को कोर्ट परिसर में वकील सतीश सिंघानिया द्वारा उसे गाली देकर जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा डालकर मेरे ऊपर हमला किया। महिला पटवारी शिवानी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर को शाम करीब चार बजे वह अपने ऑफिस में गिरदावरी कार्य कर रही थी, तभी वकील सतीश सिंघानिया फोन कर गोलियां देने लगा और बोला कि मेरा किसान तोरन वर्मा का चप्पल घिस जा रहा है, तुम्हारे आफिस का चक्कर लगाते-लगाते। तुम अभी तत्काल तहसील न्यायालय पहुंचो, कहकर धमकाया। तत्पश्चात महिला पटवारी तहसील न्यायालय पहुंची और एसडीएम को अपना लेपटॉप दिखाई, जिसमें किसान तोरन वर्मा का नामांतरण पीठासीन अधिकारी के आदेश के लिए लंबित दिखाया गया, तब नायब तहसीलदार चंद्रवंशी द्वारा वकील सतीश सिंघानिया को समझाया गया कि आदेश हमारे द्वारा नहीं दिया गया है, तब पटवारी द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण कैसे कर सकती है? इसके बाद सतीश सिंघानिया और भड? गया और कोर्ट परिसर में महिला पटवारी को इसी वक्त काम करना पड़ेगा, कहकर तहसीलदार के सामने तेज आवाज में गालियां देने लगा, अभी इसी वक्त रिकार्ड दुरूस्ती करो नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा बोला, तब तहसीलदार समझाने लगे, तब भी बार-बार भड?कर धमकी देने लगा। इस दौरान महिला पटवारी बेहोश हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला पटवारी ने रिपोर्ट में कहा कि वह कोर्ट परिसर में घूम-घूमकर उसके चरित्र के बारे में लांछन लगा रहा था। अकेली महिला पटवारी गांव-गांव में घूमकर काम करती है। सतीश सिंघानिया के धमकाने से वह अत्याधिक डरी-सहमी है। अपना शासकीय काम नहीं कर पा रही है। यदि उसके साथ कोई घटना होती है तो वकील सतीश सिंघानिया जिम्मेदार होगा।

गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने पर अपराध दर्ज

निगम से एसी के कापर वायर की चोरी

राजनांदगांव(भास्कर दूत)। नगर निगम कार्यालय टाउन हाल के आयुक्त कार्यालय, कार्यपालन अभियंता व उप अभियंता कार्यालय, लोककर्म, भवन नजूल, स्वास्थ्य विभाग एवं अमृत मिशन कार्यालय में ए.सी लगाया गया है। ए.सी. में लगे आउटर भाग का कापर वायर एवं अन्य सामाग्री अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है एवं ए.सी. के आउटर को क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे नगर निगम को लगभग दो लाख रूपये की आर्थिक क्षति हुई है।

ए.सी. के आउटर का कापर वायर एवं अन्य सामाग्री चोरी होने तथा आउटर को क्षतिग्रस्त करने पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कोतवाली थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो तथा इस प्रकार के अपराध में अंकुश लग सके।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा: पार्षद चंपू गुप्ता ने चलाया सफाई अभियान

अभियान में सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीयों ने निभाई सहभागिता

राजनांदगांव(भास्कर दूत)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर इंदिरा नगर वार्ड नं.41 के पार्षद राजेश गुप्ता चंपू की अगुवाई में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत वार्ड के विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई कर्मियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

इस दौरान पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर मैं आज संकल्प लेता हूं कि अब प्रतिदिन हाथ में झाड़ू लेकर वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई करूंगा। उन्होंने वार्डवासिंयों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में शामिल होकर अपने आसपास सफाई व्यवस्था बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर, शहर के इस अत्यंत महत्वपूर्ण इंदिरा नगर वार्ड को सफाई के क्षेत्र में एक आदर्श वार्ड बना सकते हैं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में भी हमारे इस वार्ड की चर्चा हो और राजनांदगांव छत्तीसगढ़ सहित देश दुनिया में हमारे वार्ड का नाम हो। यह तभी संभव जब स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो। बहरहाल अपने पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के हाथ में झाड़ू देख वार्ड के नागरिकों ने स्वस्फूर्त होकर होकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में हाथों में झाड़ू लिए पार्षद के साथ सफाई अभियान में जुटते नजर आए।

दैनिक
भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024

क्लाइमेट चेंज दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री

एक पेड़ मां के अभियान के तहत छत्तीसगढ़ ने पूरा किया 4 लाख करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य

भास्कर दूत

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन वर्तमान में राष्ट्रीय चिंतन का विषय बन गया है। जलवायु परितर्वतन हाल के वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। हम सभी को मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए सहभागिता निभानी होगी। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ हरित शिखर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण शोध पर आधारित संक्षेपिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस वर्ष देश में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। राजधानी दिल्ली में तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था। जलवायु परिवर्तन ने भारत ही नहीं वन पूरे दुनिया में दस्तक दी है। दुबई जैसे रेगिस्तानी इलाके में अत्यधिक बारिश होने से पूरा शहर बाढ़ की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा कि आज क्लाइमेट चेंज दुनिया में सबसे बड़ी चुनौती है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पहले से ही इस समस्या के बारे में वैश्विक जगत को आगाह किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का 44 प्रतिशत हिस्सा वनाच्छादित है और हम इसे सहेजने का काम गंभीरता के साथ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 4 करोड़ वृक्ष लगाने का जो लक्ष्य रखा गया था, वह हमने पूरा कर लिया है। हाल ही में हमने गुरु घासीदास-तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व बनाने की पहल की है। इसके माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण के संवर्धन में भी बड़ी मदद मिलेगी और यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी की दिशा में भी हम लगातार काम कर रहे हैं। भारत में 200 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 500 गीगावॉट करने की योजना है, इस लक्ष्य को पाने के लिए प्रदेश भी सहभागी होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ में अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए हम किसान वृक्ष मित्र योजना, ग्रीन क्रेडिट योजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने नवा रायपुर में पीपल फॉर पीपल अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत हजारों पीपल के पेड़ लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा व्यक्त करते हुए कहा

कि ऐसे सम्मेलनों के आयोजन से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे और विषय विशेषज्ञों की मदद से स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में हम कामयाब होंगे। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया ने बहुत तरक्की कर ली है। हर क्षेत्र में हम आगे बढ़े लेकिन प्रकृति से हमने दूरी बना ली। हमने प्रकृति का साथ छोड़ा है, हम विकृति की ओर बढ़ने लगे हैं।

एसीएस रेणु पिल्ले करेंगी अब पाठ्य पुस्तक निगम के घोटाले की जांच

पुरानी जांच कमेटी सवालों के घेरे में...

भास्कर दूत

रायपुर। छत्तीसगढ़ बनने के बाद पिछले 24 साल से पाठ्य पुस्तक निगम में किताबों की अफरातफरी का खेला चल रहा था। लाखों की संख्या में या तो एक्स्ट्रा किताबें छपवा ली जाती थी या फिर कागजों में उसे प्रकाशित कर पाठ्य पुस्तक निगम के खटराल लोग करोड़ों रुपए अंदर कर लेते थे। मगर इस बार इसका भंडाफोड़ होने के बाद पाठ्य पुस्तक निगम का आरगेनाइज घोटाला सतह पर आ गया। दरअसल, सिलयारी के एक पेपर मिल के कबाड़ में वर्तमान सत्र 2024-25 की किताबें पाई गईं। इसके बाद हड़कंप मच गया। चूकि इस समय स्कूल शिक्षा विभाग मुख्यमंत्री के पास है, लिहाजा सिस्टम हरकत में आया और जांच प्रारंभ कर दी गई।

पाठ्य पुस्तक निगम के पुस्तकों के कबाड़ में पाए जाने के मामले की जांच अब छत्तीसगढ़ की दूसरे नंबर की सबसे सीनियर आईएएस रेणु पिल्ले करेंगी। सरकार ने उन्हें इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। जाहिर है, विष्णुदेव साय सरकार इस मामले में कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। वरना, रेणु पिल्ले को इसकी जांच के लिए नहीं चुना जाता।

हालांकि, जल्दबाजी के चक्कर में पाठ्य पुस्तक निगम के एमडी को ही जांच कमेटी में शामिल कर दिया गया। किसी भी निगम का एमडी सर्वेसर्वा होता है। कोई गड़बड़ी होती है, तो उसकी भी जिम्मेदारी बनती है। मगर वही अगर जांच करेगा तो फिर नि:पक्ष जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उधर, पाठ्य पुस्तक निगम के जिस महाप्रबंधक प्रेमप्रकाश मिश्रा को जांच कमेटी में रखा गया था, सरकार ने उसे प्रारंभिक तौर पर जिम्मेदार मानते हुए बाद में सस्पेंड कर दिया। जांच कमेटी के तीसरे सदस्य रायपुर के ज्वाइंट डायरेक्टर शिवहरे बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो गए। जाहिर है, इसके बाद जांच कमिटी का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इसके बावजूद आश्चर्य यह है कि जांच आयोग ने जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।

बलरामपुर डकैती कांड का खुलासा

6 आरोपी गिरफ्तार, 3 किलो सोना-सात किलो चांदी लूट कर ले गए थे बदमाश

भास्कर दूत

बलरामपुर रामानुजगंज। बलरामपुर रामानुजगंज के राजेश ज्वेलर्स में हुई लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट के गहने और अन्य सामान बरामद किया गया है। इसमें 3 किलो 354 किलोग्राम सोना, 7 किलो 280 ग्राम चांदी, दो बैंक अकाउंट से पांच लाख रुपए, एक बोलेरो, दो अपाचे बाइक, दो पिस्टल बरामद हुए हैं। बरामद मशरुका की कीमत दो करोड़ 40 लाख रुपए आंकी गई है।

बता दें लूट की यह घटना 11 सितंबर है। रामानुजगंज नगर पालिका चौक स्थित राजेश ज्वेलर्स में दिनदहाड़े दोपहर 1.30 बजे हथियारबंद तीन बदमाशों ने लूट की थी। बदमाशों ने ज्वेलरी शोरूम के संचालक राजेश सोनी (भाजपा पार्षद), दो ग्राहकों और कर्मचारियों को बंधक बना लिया था। फिर करीब 15 मिनट में 2 करोड़ 85 लाख की ज्वेलरी लूटकर झारखंड की ओर भाग निकले थे। लुटेरों ने राजेश सोनी पर हमला कर उन्हें घायल भी कर दिया था। दूसरे दिन लूट में इस्तेमाल एक बाइक और मोबाइल झारखंड के रंकाकला में मिला था।

सीसी टीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान

पुलिस ने सीसीटीवी जांच में दो इनामी बदमाशों की पहचान की। इनमें झारखंड के चैनपुर निवासी मोनू सोनी उर्फ राज सोनी उर्फ बुकिया और औरंगाबाद के अम्बा निवासी राहुल कुमार मेहता शामिल थे। इसके बाद आठ सदस्यीय टीम बनाकर झारखंड के गढ़वा, औरंगाबाद, रांची, डालटनगंज में दबिश दी गई। पुलिस गिरफ्त में आए सोनू और मोनू दोनों भाइयों पर झारखंड में 50-50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। इनके अलावा दोनों के मामा और सोनू की गर्लफ्रेंड अंजलि को भी पकड़ा गया है। हालांकि ज्वेलरी खरीदने वाला आरोपी अभी पकड़ से बाहर है।

गर्लफ्रेंड के घर छिपाया था सोना चांदी

पुलिस ने अंजलि के घर में दबिश देकर 3.354 किलो सोना, 7.280 किलो चांदी बरामद की है। वहीं, बाकी आरोपियों से एक बोलेरो, दो रेसिंग बाइक, दो पिस्टल जब्त की है। वहीं, दो अकाउंट में जमा 5.80 लाख रुपयों को सीज किया गया है।

डेपुटेशन से लौटे आई ए एस रोहित यादव को हेल्थ सिकरेट्री बनाने की अटकलें

भास्कर दूत

रायपुर। आईएएस डॉ0 रोहित यादव ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद मंत्रालय में ज्वाईनिंग दे दी है। इसके बाद अब उन्हें पोस्टिंग देने की कवायद शुरू हो गई है। खबर है, आजकल में सरकार उनकी पदास्थाना कर देगी। रोहित 2002 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस हैं। ब्यूरोक्रेसी में चल रही अटकलों की मानें तो रोहित को हेल्थ विभाग का सचिव बनाया जा सकता है।

एसीएस मनोज पिंगुआ के पास गृह, जेल और स्वास्थ्य विभाग का दायित्व है। दोनों काफी बड़े विभाग हैं। इनमें फाइलों की संख्या काफी होती है। लिहाजा उन पर वर्कलोड काफी बढ गया है। आलम यह है कि उन्हें अवकाश के दिनों में भी मंत्रालय जाकर फाइलें करनी पड़ती है। इसको देखते प्रतीत हो रहा कि उन्हें स्वास्थ्य सचिव बनाया जा सकता है। रोहित सीनियर सिकरेट्री हैं। छह साल पहले उनका बैच सिकरेट्री बन चुका है। हालांकि, कुछ लोगों का ये भी कहना है कि पीएमओ से लौटने की वजह से हो सकता है कि उन्हें कोई और अहम जिम्मेदारी मिल जाए।

एमबीबीएस करने के बाद डॉ0 रोहित यादव यूपीएससी क्लियर कर 2002 में आईएएस सलेक्ट हुए थे। आईएएस में उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला। वे राजनांदगांव, रायपुर के कलेक्टर रह चुके हैं। कुछ दिनों तक वे रमन सिंह सचिवालय में स्पेशल सिकरेट्री भी रहे। बाद में उन्हें नगरीय प्रशासन विभाग का सचिव का प्रभार सौंप दिया गया। 2017 में वे केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु के पीएस बनकर सेंट्रल डेपुटेशन पर दिल्ली गए।

संक्षिप्त समाचार

गुण्डरदेही नगर में पूजा अर्चना कर स्थापित किया गया माता दुर्गा की प्रतिमा

गुण्डरदेही। गुंडरदेही नगर में पूजा अर्चना कर माता दुर्गा की प्रतिमा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया गया बता दें कि 3 अक्टूबर से नवरात्र प्रारंभ हो गया है। जो कि 9 दिनों तक रहता है नवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म के लोगों के विशेष महत्व रखा है प्रतिवर्ष नगर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। माता जी के भक्तों के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है। नगर के माता चंडी माता शीतला मंदिर में 9 दिनों तक ज्योत जवारा रखा जाता है। भक्त बड़ी संख्या में यहा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योत जलाते है। ज्योत जावरा व माता जी के दर्शा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं इसके साथ ही पैदल माता जी दर्शन करने जा रहे यात्रियों के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर भोजन रुकने की भी व्यवस्था माता जी के भक्तों के द्वारा किया जाता है।

पार्षद और पत्रकार जुआ खेलते गिरफ्तार, 14 लोग भी पकड़ाए

भिलाई। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने जामुल, छावनी और खुर्सीपार के टीआई और उनकी टीम को लेकर देर रात ताबड़तोड़ छापेमारी की। उन्होंने पुरानी भिलाई थाने में जुए की बड़ी कार्रवाई की। इसमें पार्षद, पत्रकार सहित 16 लोगों को गिरफ्तार कर 2.29 लाख रुपए और कई गाड़ियों को जब्त किया गया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि उन्हें काफी समय से सूचना मिल रही थी कि यहां जुए की फड़ बैठती है। उन्होंने इसकी जानकारी एसपी जितेंद्र शुक्ला को दी। एसपी ने निर्देश दिया कि रात में जैसे ही जुआ की फड़ बैठे वो छापेमार कार्रवाई करें।

एसपी के निर्देश पर सीएसपी ने खुद छावनी टीआई चेतन चंद्राकर, जामुल टीआई केपलि देव पाण्डेय और खुर्सीपार के टीआई अबर भारद्वाज को बुलाया। उन्हें कहा गया कि वो अपने खास सिपाहियों को लेकर उनके साथ चले। इसके बाद करीब 15-20 पुलिस आधिकारियों और टीआई की टीम देर रात पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र पहुंची। पुलिस की रात 11 बजे टीम शारदा चौक चरोदा पहुंची। वहां उन्होंने एक घर में छापेमारी की तो अंदर 16 लाख ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने सभी को अंदर ही गिरफ्तार कर उनके पास से 2 लाख 29 हजार रुपए और ताश पत्ती को जब्त किया।

15 राइस मिल संचालकों को नोटिस जारी, विपणन कार्यालय ने पांच दिनों के भीतर मांगा जवाब

भास्कर दूत

रायगढ़। जिले की 15 राइस मिल संचालकों को जिला विपणन कार्यालय से नोटिस जारी करके जवाब तलब किया गया है. जिन राइस मिलों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया है, उनके ऊपर समय अवधि में चावल की स्टेक का काम पूर्ण नहीं होने पर घोर लापरवाही मानते हुए पांच दिनों के भीतर कार्यालय में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है.

नोटिस प्राप्त राइस मिलों में ए वन राइस इंस्ट्रीज, जीटी राइस मिल, जेके राइस मिल, गोपी ट्रेडर्स, जय मा दुर्गा इंस्ट्रीज, कृष्णा राइस मिल, श्री तिरूपति राइस मिल, मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट, महालक्ष्मी राइस मिल, एमएस बैघनाथ फूड, एमएस सूरज एग्रो, श्री मंगला ग्रीन, श्री श्याम एग्रो, श्री राधा कृष्ण एग्रो, श्री राधेकृष्ण राइस मिल, शुभम राइस मिल के नाम शामिल है.

समय पर चावल के स्टेक एफसीआई नहीं भेजे जाने के मामले में जिला विपणन अधिकारी शैला नेताम ने बताया कि शासन के नियमानुसार एफसीआई में चावल जमा करने के लिए प्रत्येक राइस मिल को 15 दिन का समय दिया जाता है. लेकिन 15 राइस मिल संचालकों द्वारा समय अवधि पूर्ण होनें के बाद भी एफसीआई में चावल के स्टेक जमा नहीं किये गए जिसके चलते उन्हें नोटिस जारी करते हुए सप्ताह भर के भीतर जवाब मांगा है. विपणन अधिकारी ने बताया कि सात दिनों के भीतर संतोषपूर्ण जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

एसईसीएल खदान में 24 घंटे में दूसरी बड़ी घटना

बारूद से भरा वाहन हुआ हादसे का शिकार, एक की मौत, कई लोग घायल

भास्कर दूत

कोरबा. एसईसीएल के गेवरा खदान में 24 घंटे के भीतर दूसरा बड़ा हादसा हुआ है. कोयला उत्खनन के लिए ब्लास्टिंग कर वापस लौट रही बारूद से भरी एक्सप्लोसिव वाहन हादसे का शिकार हो गया. वाहन पर आठ लोग सवार थे, जिसमें एक की वाहन में दबने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वहीं कई लोग घायल हो गए हैं. बता दें कि तीन दिन में यहां तीसरा हादसा हो चुका है.

घटना के बाद खदान में हड़कप मच गया है. एसईसीएल प्रबंधन ने दीपका थाना पुलिस को घटना की सूचना दे दी है. घायलों को अस्पताल के लिए रवाना किया गया है. बता दें कि गुरुवार ही सुबह एसईसीएल के गेवरा खदान में एक डंपर 80 फीट नीचे खदान में गिर गया था. चालक को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया था. उसकी हालत बेहद गंभीर है और उसे रेफर किया गया है. वहीं एक दिन पहले ही खोदाई के दौरान ड्रिल मशीन में आग लग गई, जिससे करोड़ों का मशीन जलकर खाक हो गया था.

पुलिस ने अवैध गुटखा फैक्ट्री पर मारा छापा

85 बोरी गुटखा बरामद, हिरासत में लिए गए 12 लोग

भास्कर दूत

दुर्ग। दुर्ग पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गुटका बनाने वाले गिरोह पर शिकंजा कसा है. पुरानी भिलाई पुलिस ने उमदा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर जर्दायुक्त गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री और गोदाम से 85 बोरी गुटखा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपये है. इस कार्रवाई में मौके से 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, जबकि इस अवैध धंधे का मुख्य आरोपी साजिद खान फरार है. पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है.

भिलाई तीन थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि उन्हें कई दिनों से उमदा क्षेत्र में जर्दायुक्त गुटखा बनाने की सूचना मिल रही थी। इस मामले की जानकारी दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को दी गई, जिनके निर्देश पर सीएसपी हरीश पाटिल की अगुवाई में जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर और खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर भारद्वाज की टीम गठित की गई। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए भिलाई तीन थाना के प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि उमदा क्षेत्र में जर्दा मिक्स गुटखा बनाने का काम किया जा रहा है. इसकी जानकारी दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को दी गई, जिनके निर्देश पर सीएसपी हरीश पाटिल ने जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर और खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर भारद्वाज की टीम को तैयार किया. इसके बाद टीम बताए गए ठिकाने पर कार्रवाई की. वहीं पुलिस ने गोदाम से आती हुई एक ट्रक को रोका और तलाशी ली गई तब ट्रक के अंदर 60 बोरा पानराज जर्दा युक्त गुटखा भरा हुआ पाया गया. पूछने पर ट्रक चालक ने बताया कि वो उमदा से माल लेकर आ रहा है. पुलिस ट्रक ड्राइवर को लेकर गुटखा फैक्ट्री तक पहुंची. फैक्ट्री के अंदर से 25 बोरा जर्दायुक्त गुटखा और काम करने वाले मजदूरों को हिरासत में लिया है. मुख्य आरोपी साजिद खान पावर हाउस छावनी क्षेत्र में रहता है. पुलिस उसकी तलाश कर रही है. वहीं साजिद का एक साथी पंडा भी इस धंधे से जुड़ा है, जो ओडिशा का रहने वाला है और यहां रहकर गुटखे की डिलिवरी लेने का काम करता है. पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है.।

मवेशी तस्कर को क्राइम बीट ने किया गिरफ्तार

भास्कर दूत

पाटन। दुर्ग जिले के पाटन थाना पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में पकड़े गए मुख्य आरोपी संजय गिरी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस फुंडा के एक फॉर्म हाउस में रेड मारकर कार्रवाई की थी। उस प्रकरण में धारा 4,6,10 छ.ग. कृषिक परिरक्षण अधिनियम धारा 11 (घ) पशु कुरता अधिनियम का अपराध दर्ज किया गया था विवेचना के दौरान 3 अभियुक्त को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। एसडीओपी पाटन आशीष बंछोर ने बताया कि ग्राम फुण्डा फार्म हाउस में व वाहन में मवेशियों को कत्ल खाने ले जाने की तैयारी की गई थी। जिसमें कार्यवाही की गई थी जिसमें 03 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये थे, जिसमें अग्रिम कार्यवाही करते हुए मुख्य फरार अभियुक्त संजय गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त संजय गिरी गोस्वामी के विरूद्ध गत मई 2024 में थाना उत्तई में मवेशी तस्करी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किये गये थे। इसके अलावा पूर्व में भी आरोपी के विरूद्ध जिला बालोद एवं गुण्डरदेही में इसके विरूद्ध मवेशी तस्करी के मामले में अपराध पंजीबद्ध थे। मुख्य अभियुक्त संजय गिरी गोस्वामी थाना पाटन में अपराध पंजीबद्ध होने के दिनांक के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी पतासाजी हेतु टीमें लगाई गई थी टीम के व्दारा आरोपी को गिरफतार किया गया। प्रकरण में आरोपी के व्दारा उपयोग किये गये दो वाहन बोलेरो सीजी 07 बीएल 1354 कीम कलर का जिसमें आरोपी के ब्दारा रोड क्लियर किया जाता था एवं वाहन बोलेरो पिकअप सीजी 07 बीबी 6396 में घुम घुम कर मवेशियों को खरीद कर अपने फुण्डा फार्म हाउस में जमा करता था जिसे जप्त किया गया व आरोपी को गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। प्रीण में पूर्व से 3 आरोपी गिरफतार है। जिसमें मुख्य आरोपी संजय गिरी गोस्वामी है। इसके अलावा अन्य आरोपीयों की पतासाजी जारी है। अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए टीमे रवाना की गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग, मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com